उल्टा पुल्टा

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!
छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!
बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!

# कैपिटल ज़ोन

## हमेशा से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा रही दिल्ली सरकार की प्राथमिकता : शैली

### मेयर ने शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के विज्ञान मेले में शिक्षकों को किया सम्मानित




**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के ब्रह्मपुरी स्थित निगम प्रतिभा विद्यालय में आयोजित विज्ञान मेले में शिरकत की। यहां पर मेयर ने उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि वे स्वयं शिक्षा क्षेत्र से संबंधित रहीं हैं। ऐसे में ऐसे शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम हमेशा रोमांचित करते हैं।

**आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट मॉडल देंगे : शैली ओबरॉय**

आम आदमी पार्टी की सरकार की प्राथमिकता हमेशा से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा रही है और आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट मॉडल देंगे। उन्होंने कहा कि निगम के स्कूल हमेशा से ही उपेक्षित रहे हैं लेकिन अब सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम के स्कूलों का कायाकल्प होने वाला है। इस दिशा में कार्य शुरू कर दिया गया है।

### निगम के स्कूलों को भी निजी स्कूलों से बेहतर बनाया जाएगा

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली सरकार की तर्ज पर दिल्ली नगर निगम के स्कूलों को भी प्राइवेट स्कूलों से बेहतर बनाया जाएगा। दिल्ली नगर निगम के स्कूलों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ स्कूल बहुत अच्छे और आधुनिक सुविधाओं से लैस कर दिए गए हैं। लेकिन बहुत से स्कूलों में खामियां देखने को मिली हैं। स्कूलों में स्टॉफ की कमी है। इसके अलावा सुरक्षा कर्मी, डाटा एंट्री ऑपरेटर और सेनिटेशन स्टॉफ की कमी है। कुछ स्कूलों में प्रिंसिपल ही नहीं हैं। ये सभी समस्याएं हमारे संज्ञान में हैं और जल्द ही इन्हे दूर किया जाएगा।

**निगम के स्कूलों में मेगा पीटीएम की एक सरहनीय शुरुआत है**

मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में मेगा पीटीएम की एक सरहनीय शुरुआत है, जिससे अभिभावक और शिक्षक सम्मिलित रुप से बच्चे की ओवरआल व्यक्तित्व का मूल्यांकन और अवलोकन कर उसके रूचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। दिल्ली नगर निगम के स्कूलों के प्रधानचार्यों को आईआईएम में ट्रेनिंग के लिए भेजा जा रहा है और आने वाले समय में शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए विदेशों में भी भेजेंगे, ताकि वहां के बेहतर शिक्षा मॉडल का निगम विद्यालयों में लागू किया जा सके।

## बदमाशों ने 32 सौ रुपए के लिए युवक का गला दबाया



**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। पश्चिम दिल्ली के हरिनगर इलाके में बदमाशों ने रेहड़ी लगाने वाले एक युवक का गला दबाकर उसे लूट लिया। बदमाशों ने पहले उसे बातों में उलझाया। इस बीच अचानक एक युवक ने उसका गला दबाकर 3200 रुपए लूट लिए। बाद में युवक के अचेत होने पर उसे जमीन पर पटक कर आरोपी फरार हो गए। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने वीडियो के आधार पर युवक की पहचान कर उससे शिकायत ली। बाद मे उसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उनकी टीम को मंगलवार को हरिनगर का एक सीसीटीवी फुटेज मिला था। जांच करने पर पता चला कि फुटेज सोमवार शाम का है। छानबीन में पता चला कि बदमाशों ने गुरुद्वारा, फतेह नगर के पास वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। जांच के बाद पुलिस ने पीड़ित की पहचान संजय (32) के रूप में की। उसकी तलाश कर उसका बयान लिया गया। पुलिस ने संजय का बयान लेकर लूट की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वारदात दिन-दहाड़े और बाकी लोगों की मौजूदगी में हुई। पुलिस बाकी लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त का कहना है कि लगभग सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जल्द ही उनको दबोच लिया जाएगा।

**युवक को जमीन पर पटक कर आरोपी हुए फरार**

## दिल्ली नगर निगम की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई : इकबाल सिंह

### निगम की स्वास्थ्य सेवाओं में कोताही बरतने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने निगम की आप सरकार पर निगम की स्वास्थ्य सेवाओं में कोताही बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब से दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है तब से अस्पतालों में दवाइयां गायब हैं, स्टाफ की कमी है और शौचालय की व्यवस्था पूर्ण रूप से बदहाल है।

लोगों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है और जरूरी जांच के लिए मशीने नहीं है और अगर कहीं पर मशीन है तो वह ढंग से कार्य नहीं कर रही है। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मेयर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और उनकी इस असफलता का अंजाम दिल्ली की जनता को भोगना पड़ रहा है।

दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने बताया कि निगम की एलोपैथिक डिस्पेंसरियो में दवाइयां उपलब्ध नहीं है जिसके कारण नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आने वाले आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं पंचकर्म अस्पतालों में भी यही व्यवस्था फैली हुई है अस्पतालों में दवाइयां नहीं है, स्टाफ की कमी है और लोगों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण जनता बुरी तरह से त्रस्त है।

दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम की आप सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी मेडिकल फंड का पैसा सिर्फ उसी मद में लगा रही है जहां से उन्हें मोटा कमीशन प्राप्त हो सकता है उनका दिल्ली के लोगों को सुविधाएं देने का कोई इरादा नहीं है।

**शमां एनजीओ ने धूमधाम से मनाया अपना रजत जयंती समारोह**

## आयोजन ने साबित किया यह मुल्क हमारा है हम इसके मालिक हैं : लालपुरा



**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। मानव सेवा में सरगम राष्ट्रीय संस्था शमां एजुकेशनल एंड पॉलिटेक्निक सोसायटी ने अपने 25 वर्ष पूरे करते हुए रजत जयंती कार्यक्रम इंडिया इस्लामिक सेंटर इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर लोधी रोड नई दिल्ली में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। रजत जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मॉलदीव देश के हाई कमिश्नर मोहम्मद इब्राहिम शहीब, दिल्ली सरकार के मंत्री इमरान हुसैन, पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा, सीलमपुर विधायक अब्दुल रहमान, दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त उपायुक्त अमित शर्मा,जावेद कमर उप निदेशक शिक्षा, पूर्व विधायक चौधरी मतीन, पूर्व निगम पार्षद आसमां रहमान आदि उपस्थित रहे। संस्था के महासचिव डॉक्टर फहीम बेग के अनुसार शमां एनजीओ पिछले 25 वर्षों से समाज में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ, रोज़गार, बाल व महिला कल्याण ,देश प्रेम आदि के कार्य कर रही है। मॉलदीव देश के हाई कमिश्नर इब्राहिम शहीब ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा की।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि आज शमां एनजीओ ने यह साबित कर दिया है कि यह देश हमारा है हम इसके मालिक हैं हम इसे सजाएंगे हम ही से सवारेंगे। शमां एनजीओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिर्जा शाहिद चांगेजी ने आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया व संस्था की ओर से अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिफा मिर्ज़ा ने किया।

## पूर्व महापौर को किया गया सम्मानित



**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाकाल वाल्मीकि सेवा संघ द्वारा आयोजित विशाल भंडारा एवं स्वागत समारोह मैं पूर्व महापौर जयप्रकाश जेपी, वाल्मीकि चौधरी सरपंच कमेटी, महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव कमेटी रजि दिल्ली प्रदेश एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों का सम्मान किया। जयप्रकाश जेपी ने वाल्मीकि समाज को संबोधित करते हुए कहा कि वाल्मीकि समाज छत्रियां कौम है इस कौम ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किये लेकिन अपना धर्म परिवर्तन नहीं किया, वाल्मीकि समाज सनातन धर्म का एक अभिन्न अंग है, और मंच के माध्यम से समस्त वाल्मीकि समाज को भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस की बधाई शुभकामनाएं दीं, कार्यक्रम में शरद सागवान, गुरु विशाल भगत ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया कार्यक्रम में चौधरी रमेश, चौ पंडित दुर्गा दास, संजय टांक, सुधीर चौधरी भी उपस्थित रहे।

## औद्योगिक प्रदूषण से मुक्ति को अभियान चलाएगी सरकार : गोपाल राय



**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि औद्योगिक प्रदूषण के खिलाफ सरकार की ओर से एक महीने तक लगातार अभियान चलाया जाएगा। राय ने आज यहां समीक्षा बैठक के बाद बताया कि सर्दी के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी और उसके अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य शुरू हो गया है। डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी की 66 टीमें औद्योगिक इकाइयों के लगातार निरीक्षण के कार्य में तैनात की गई है। यह सभी टीमें दिल्ली में औद्योगिक इकाइयों पर निगरानी रखने और उनके द्वारा प्रदूषण को रोकने के लिए त्वरित कदम उठाने का कार्य करेगी जिसकी रिपोर्ट समय-समय पर पर्यावरण विभाग को भेजी जाएंगी। डीपीसीसी की इस टीम को औद्योगिक इकाइयों द्वारा पर्यावरण नियमों के उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश जारी किया गया हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली की 1753 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में परिवर्तित कर दिया गया है और यदि कोई भी औद्योगिक इकाई पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन करती पाई जाएंगी उसपर सम्बंधित विभाग द्वारा उचित और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।


## राज तिलक के बाद श्री राम को हुआ वनवास



**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्र के चौथे दिन मॉडल टाउन के डेरावाल नगर की नव श्री मानव धर्म रामलीला कमेटी द्वारा आज राम बारात आगमन, रामजी की राजतिलक की घोषणा एवं राम वनवास का सफल मंचन किया गया लीला के दौरान राम वनवास देख दर्शकों की आंखों में पानी आ गया। लीला में कैकई का पात्र शालिनी चौहान निभा रही हैं। उनका मानना है कि इस पात्र को निभाने लिए वो सदैव उत्साहित रहती हैं। नवश्री मानव धर्म रामलीला कमेटी डेरावाल नगर में शाम को भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद डॉ हर्षवर्धन भी पहुंचे। उन्होंने लीला के प्रबंध की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। नवश्री मानव धर्म रामलीला कमेटी के चैयरमेन अखिल सिंघल मंचन को लेकर बताया कि लीला के मंचन को देखने के लिए सभी आयु वर्गों के महिला पुरुषों के साथ बच्चे भी बड़ी संख्या में आ रहे हैं । रामलीला के प्रधान विकेश सेठी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि आमजन अपनी रीतियों और परम्पराओं को बेहतर प्रकार से जान सकें।

### सार संक्षेप

#### बाल राम की भूमिका कर दर्शकों का मन मोह लिया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लक्ष्मी नगर बाल भवन पब्लिक स्कूल के छठी कक्षा के छात्र तेजस मिश्रा ने बाल राम की भूमिका कर दर्शको का मन मोह लिया। श्री सनातान धर्म रामलीला समिति द्वारा नोएडा स्टेडियम में भव्य रामलीला का मंचन भार्गव कला मंच के कलाकारों के द्वारा किया जाता है। रामलीला में बाल राम का किरदार निभा रहे तेजश ने बताया कि वह विश्वामित्र की रक्षा के लिए महाराजा दशरथ के आदेश पर वन में जायेगे और ऋषियों की रक्षा हेतु सुभाहु, मामा मारीच और ताड़का का वध करेंगे। उन्होंने बताया कि कला मंच के निदेशक शिवम तिवारी ने उन्हें अभिनय की बारकियों को सिखाया जिससे उन्हें राम के बाल किरदार को निभाने में बिल्कुल कठनाई नही हुई साथ ही हम बच्चों से यह आह्वान करता हु की वह सनातन संस्कृति से जुड़े और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र को अपने जीवन मे उतारे।

#### त्यौहारी सीजन में अमेजन पे दे रहा है बेस्ट रिवार्ड्स

**नई दिल्ली।** त्यौहारी सीजन की शुरुआत के साथ, आप आकर्षक भुगतान ऑफर्स के माध्यम से बड़ी बचत कर सकते हैं। ये विशेष ऑफर्स और रिवार्ड्स यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको अमेजन पे के माध्यम से अधिकाधिक रीवार्ड्स के साथ बेहतरीन भुगतान अनुभव मिल सके। प्राइम मेंबर्स विशेष डील के तहत कैशबैक, तत्काल बैंक ऑफर्स आदि का लाभ लेकर अमेजन पे के साथ बड़ी बचत कर सकते हैं। प्राइम मेंबर 8 अक्टूबर 2023 से शुरु हुए अमेजान ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के दौरान अमेजन डॉट इन पर ऑर्डर करके 1,500 रुपए तक के विशेष ऑफर्स अनलॉक कर सकते हैं।

#### प्लेटिनम लव बैण्ड्स पेश किया नया कलेक्शन

**नई दिल्ली।** सेलिब्रेशन का सीज़न आ चुका है, हम खुशियों के साथ त्योहारों के जश्न को यादगार बनाने के लिए तैयार हैं। इसी खास प्यार का जश्न मनाने के लिए प्लेटिनम लव बैण्ड अपना नया कलेक्शन लेकर आए हैं। इस शानदार कलेक्शन को आकर्षक रीपीटिंग पैटर्न, विशेष टेक्सचर, भव्य लाईनों के साथ बड़ी ही खूबसूरती से डिजाइन किया गया है। प्लेटिनम लव बैण्ड 95 फीसदी शुद्ध और दुर्लभ प्लेटिनम से बनाए जाते हैं, जो प्यार का प्रतीक हैं।

## हमेशा विकास के लिए काम करती है राकंपा : प्रफुल्ल पटेल



**नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यालय का किया उद्घाटन**

**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली में अपने नए कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हवन पूजा कर फीता काट कर प्रवेश किया। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी का केंद्रीय कार्यालय नार्थ ब्लॉक, दिल्ली में बनाया है। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि राकंपा हमेशा विकास के लिए काम करती है। यह कार्यालय हमारी आशा का केंद्र है जिसके माध्यम से हम देश के कोने-कोने में अपने कार्यकर्ताओं तक पहुंचेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने पूजा कर कार्यालय में पार्टी के महामंत्रीगण ब्रजमोहन श्रीवास्तव, एस.आर. कोहली व के.के.शर्मा सहित राष्ट्रीय सचिव रुही अर्रजुमन, दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष किशोर गोरी, दिल्ली प्रदेश लीगल विभाग अध्यक्ष टी.एस वरूण व प्रदेश महामंत्री सुदेश जेठा, राकंपा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष उमाशंकर यादव, राष्ट्रीय पंचायत विभाग के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र मलिक, राकंपा राष्ट्रीय श्रम विभाग अध्यक्ष एडवोकेट एस.पी. शर्मा, राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर संजय प्रजापति, मीडिया कोआर्डिनेटर नवीन सिन्हा प्रवक्ता चैतन्या सिंह कार्यालय अधीक्षक चन्दन बोस चीफ एकाउंट्स अधिकारी प्रियंकर सिंह, उतर प्रदेश के आर.पी शर्मा, मयंक झा, सुदेशकान्त मिश्रा व दिल्ली तथा आसपास के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नए भवन में प्रवेश किया। पटेल ने इस अवसर पर उपस्थित मीडिया को भी सम्बोधित किया। नए कार्यालय में पहुंचने के पहले स्वर्ण जयंती सदन में भी प्रेस के साथ बातचीत में उन्होंने बहुत ही स्पष्ट शब्दों में कहा कि हम लोग अब बहुत आगे निकल गए है पीछे लौटने की कोई सम्भावना नहीं है। यह बात उन्होंने प्रेस के यह पूछने पर कही थी कि क्या राकंपा आईएनडीआईए के साथ जा सकती है। उन्होंने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए कहा कि देश का मूड अभी विकास और स्थाई सरकार के लिए है जिसे सिर्फ मोदी ही पूरा कर सकते हैं और राकंपा हमेशा विकास के लिए काम करती है। कार्यालय के प्रवेश के अवसर राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रजमोहन श्रीवास्तव ने कहा कि देश के लाखों लाख कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रियता से पार्टी से हमेशा शक्ति दी है। उन्होंने इस अवसर पर सभी से वहीं शक्ति देने का आह्वान किया है।

**हम पर एनडीए के सहयोगी दल होने के नाते ज्यादा जिम्मेदारी : पटेल**

प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि हम पर एनडीए के सहयोगी दल होने के नाते ज्यादा जिम्मेदारी है जिसे हमने पूरा करने का संकल्प लिया है। हमारे देश ने लम्बा रास्ता तैय किया है जिसमें हमारे सभी नेताओं का मेहनत और प्रयास है। आज देश का नेतृत्व नरेंद्र मोदी के हाथ में जो हर पल देश को विश्व में प्रथम बनाने के लिए का कर रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष व महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ हम सबने मिलकर मोदीजी के विकास के माडल के लिए काम करने का फ़ैसला लिया था जिसे हमारे सभी साथियों ने भी समर्थन दिया है। यही कारण है कि आज भारी संख्या में पार्टी के लोग यहां उपस्थित है।

## बोलेरो ने मारी स्कूटी को टक्कर, दो की मौत

**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में एक हादसा हो गया है। जहां एक बोलेरो गाड़ी ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी। घटना के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया है। पुलिस ने बताया कि सुबह एक पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस को बताया गया कि मंगोलपुरी फ्लाईओवर के नीचे सीएनजी पंप रिंग रोड के पास एक दुर्घटना हो गई है। जिसमें दो लोग घायल हो गए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। पूछताछ से पता चला कि एक बोलेरो ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी, जब वे यू टर्न ले रहे थे। स्कूटी सवार और पीछे बैठे दोनों हिमांशु और प्रियांशु के सिर में चोट लग गई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बोलेरो का ड्राइवर फरार हो गया। जानकारी के लिए बता दें कि शवों को आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।


**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 1704, Seventeenth Floor, Area-97.55 Sqm. Ace Platinum, Sector Zeta-1, Greater Noida जो कि Mrs. Geeta Keshari & Sh. Sheo Shankar Rai निवासी 40, Patel Nagar, Near LIC Office Manduwadih Bazar, Manduwadih, Varanashi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-24.03.2017 को पंजीकृत है। Sh. Sheo Shankar Rai की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Geeta Keshari ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में Mrs. Geeta Keshari W/o Late Sh. Sheo Shankar Rai का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 66/एस0टी0-एस0डी0एम0/2012, दिनांक 09.05.2012 व परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 983/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023, दिनांक 12.10.2023 के अनुसार ग्राम धनौरी में निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित हैं।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1025 1020 1019 1524 | श्री रोशनलाल शर्मा पुत्र स्व0 श्री छुटटन लाल व चन्द्रवती पत्नी स्व0 रोशनलाल शर्मा नि0 ग्राम धनौरी खुर्द परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | प्रदीप कुमार शर्मा | 48 | पुत्र |
| | | | अरिओम शर्मा | 47 | पुत्र |
| | | | श्रीमती उषा | 53 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती बाला | 53 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती माया | 51 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
टेंडर नोटिस सं. 61/2023-2024 दिनांक: 18.10.2023
**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19231686 | कांटेक्ट सेगमेंट फॉर रिवेर्सर टी टाइप | 1040 नग | 13.11.23 |
| 02 | 19231995 | पैंटोग्राफ फॉर फ्रेट लोको टाइप | 34 नग | 13.11.23 |
| 03 | 06235028A | स्क्वायर होलो सेक्शन | 2848000 किलोग्राम | 14.11.23 |
| 04 | 16230003 | बैटरी स्टोरेज यूनिट | 231 नग | 14.11.23 |
| 05 | 15235092A | फुल्ली तिरिस्टोरीसेड कंट्रोल्ड डी सी अर्क वेल्डिंग रेकटीफायर | 29 नग | 16.11.23 |
| 06 | 11233802 | एल्युमीनियम चेकरड शीट स्पेक सी-8217 (रिव-2) | 35132 किलोग्राम | 20.11.23 |
| 07 | 08235561 | सप्लाई इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ कम्पलीट सेट ऑफ बी पी ए सी | 44 सेट | 21.11.23 |
| 08 | 07231111B | अलटरनेट इक्वालिसिंग स्टे | 10134 नग | 05.12.23 |

निविदा शर्ते:- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। 3245/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अनारक्षित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ - 2023**

आगामी त्यौहारों के मद्देनज़र, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित अनारक्षित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी:-

04048/04047 आनन्द विहार (टर्मि) - कटिहार जं. - आनन्द विहार (टर्मि) अनारक्षित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी — 8 फेरे

| गाड़ी सं. 04048 आगमन | गाड़ी सं. 04048 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04047 आगमन | गाड़ी सं. 04047 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 15:30 | आनन्द विहार (टर्मि) | 17:50 | — |
| 15:00 | — | कटिहार जं. | — | 18:00 |

चलने के दिन : 04048 आनन्द विहार (टर्मि) से दिनांक 08.11., 11.11., 14.11. एवं 17.11.23 को तथा 04047 कटिहार जं. से दिनांक 09.11., 12.11., 15.11. एवं 18.11.23 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया एवं मानसी स्टेशन।

04052/04051 आनन्द विहार (टर्मि) - सहरसा जं. - आनन्द विहार (टर्मि) अनारक्षित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी — 8 फेरे

| गाड़ी सं. 04052 आगमन | गाड़ी सं. 04052 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04051 आगमन | गाड़ी सं. 04051 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 22:45 | आनन्द विहार (टर्मि) | 10:30 | — |
| 03:30 | — | सहरसा जं. | — | 07:00 |

चलने के दिन : 04052 आनन्द विहार (टर्मि) से दिनांक 08.11., 11.11., 14.11. एवं 17.11.23 को तथा 04051 सहरसा जं. से दिनांक 10.11., 13.11., 16.11. एवं 19.11.23 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

04058/04057 आनन्द विहार (टर्मि) - जयनगर - आनन्द विहार (टर्मि) अनारक्षित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी — 8 फेरे

| गाड़ी सं. 04058 आगमन | गाड़ी सं. 04058 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04057 आगमन | गाड़ी सं. 04057 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 08:30 | आनन्द विहार (टर्मि) | 10:00 | — |
| 07:00 | — | जयनगर | — | 11:00 |

चलने के दिन : 04058 आनन्द विहार (टर्मि) से दिनांक 09.11., 12.11., 15.11. एवं 18.11.23 को तथा 04057 जयनगर से दिनांक 10.11., 13.11., 16.11. एवं 19.11.23 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3256/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) एक हाई-स्पीड, हाई-फ्रीक्वेंसी परिवहन प्रणाली है जो 160 किमी प्रति घंटा की परिचालन गति से एनसीआर के निवासियों को क्षेत्र में निर्बाध रूप से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करेगा। इसका 82 किमी लंबा प्रथम कॉरिडोर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ के बीच निर्माणाधीन है : **प्रवक्ता, एनसीआरटीसी**

# सीएजी की पुरानी आपत्तियों का जवाब नहीं दे रहा प्राधिकरण

**नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। 2004 से 2017 तक प्राधिकरण में करोड़ों अरबों रुपए के वित्तीय अनिमितता सामने आई थी। सीएजी की रिपोर्ट में इसके प्रत्यक्ष प्रमाण भी मिलते है। अब सीएजी 2018 से 2022 तक के फाइलों की जांच कर रही है। ये ऑडिट वित्त से संबंधित है। लेकिन अब तक पुरानी आपत्तियों के जवाब तक प्राधिकरण अधिकारी सीएजी को नहीं दे सके है। ऐसे करीब 30 से ज्यादा आपत्तियां है। जिनका जवाब या तो वापस कर दिया गया है या जो जवाब दिए गए वह प्रोपर नहीं है। इसके लिए दोबारा से जवाब मांगे गए है।

ये नोएडा के सिविल, लैंड, सामान्य प्रशासन, ग्रुप हाउसिंग, एनटीसी और बिल्डिंग सेल से संबंधित है। इसको लेकर मंगलवार को एक बैठक की गई। इस बैठक में भी आपत्तियों के जवाब प्रोपर रूप से नहीं दिए गए। जवाब तैयार करने के लिए एक दिन का समय दिया। यानी आज सीएजी की एक ओर बैठक होगी। जिसमे तथ्यों का स्पष्ट रूप से रखा जाएगा। दरअसल, 2017 में सत्ता बदलने के बाद शासन ने नोएडा प्राधिकरण में व्याप्त वित्तीय अनिमितताओं की जांच के लिए सीएजी को कहा था।

उन्होंने करीब एक साल तक प्राधिकरण में जांच की और 400 पेज की एक रिपोर्ट तैयार की। जिसमें 30 हजार करोड़ रुपए के वित्तीय अनिमितता की बात सामने आई थी। हालांकि जांच रिपोर्ट शासन को सौंपने के बाद भी इस पर एक्शन नहीं लिया गया। इनमें से कई फाइलों के जवाब का इंतजार अब भी है। फरवरी 2023 में सीएजी ने प्राधिकरण को इसकी एक सूची भी जारी की। रिपोर्ट में ग्रुप हाउसिग, वाणिज्यिक, एफएआर, भू-आवंटन व विकास परियोजनाओं में बरती गई अनियमितता को बताया गया था। अनियमितता से संबंधित अधिकांश मामले 2004 से 2017 और 2020 तक के है। इनके जवाब देने के लिए कहा गया। प्राधिकरण ने जो जवाब प्रस्तुत किए उससे वो संतुष्ट नहीं थे।

## इसमें प्राधिकरण के कई प्रोजेक्ट शामिल , जिन पर उठा सवाल

### इन प्रोजेक्ट पर सीएजी ने लगाई आपत्ति नहीं मिला उचित जवाब

- सेक्टर-18 में एमएलसीपी के कंस्ट्रक्शन निर्माण में 13.27 करोड़ का अतरिक्त पेमेंट
- अनैतिक तरीके से मुआवजे के 89.47 करोड़ दिए गए
- एलिवेटड के निर्माण में 38.87 करोड़ का एक्सिस पेमेंट
- सेक्टर-45 ग्रुप हाउसिंग 4बी कंपाउंडिंग फी लगाकर 12.44 करोड़ बेनिफिट
- किराए पर दी गई परिसंपत्तियों के विषय पर
- चिल्ला एलिवेटड के निर्माण
- समाजवादी आवासीस योजना पर दी गई सब्सिडी
- ग्रुप हाउसिंग विभाग में 6.73 करोड़ रुपए ट्रांसफर चार्ज डियूस और 279 करोड़ रिकवरी नहीं करने के लिए
- डॉक्टर भीव राम अंबेडकर मल्टीस्पेशिलसटी होस्पिटल काम

### नोएडा शिल्प हाट को दिया गए लाइसेंस पर सवाल

- ग्रुप हाउसिंग में अतिरिक्त लैंड अलाटमेंट कर 78.94 लाख का राजस्व नुकासन
- गलत तरीके से बीपीटीपी को अलाटमेंट
- क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण पर आपत्ति
- कामर्शियल प्लाट लाजिक्स रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड अलाटमेंट में अनिमितता
- इन मामलों में जवाब दिए गए जिनका किया जा रहा परिक्षण
- सेक्टर-150 में शहीद भगम सिंह पार्क जिसमें कांट्रैक्टर को 11.38 लाख अतरिक्त भुगतान किया गया

### सेक्टर-62 में ओल्ड एज होम्स का निर्माण

**सिटी बस टर्मिनल सेक्टर-82**

**सेक्टर-150ए में बन रहे इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स**

**2004 से 2017 तक हुए घोटाले**

प्राधिकरण में घोटालों की सूची काफी लंबी है। यहा भूमि आवंटन घोटाला, फार्म हाउस घोटाला , नोएडा स्टेडियम घोटाला, अंडर ग्राउंड केबलिंग, होटल आवंटन घोटाला, किसानों को अधिक मुआवजा देकर मुनाफाखोरी कमाना आदि तमाम कार्य किए गए। इनकी रिपोर्ट भी तैयार कर शासन को भेजी गई। अधिकारियों की पूरी सूची तक तैयार की गई। लेकिन नोएडा प्राधिकरण में किसी बड़े अधिकारी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई।

#### चार सालों में प्राधिकरण की बड़ी परियोजना

पर्थला फ्लाईओरवर (नोएडा का पहला सिग्नेचर ब्रिज) निर्माणाधीन
भंगेल एलिवेटड रोड निर्माणाधीन
सेक्टर-72 अंडरपास बन चुका है।
एक्सप्रेस वे पर तीन अंडरपास इसमे कोंडली अंडरपास शुरू किया जा चुका है।
कालिंदी कुंज पर नए पुल का निर्माण
एक्सप्रेस वे की रीसर्फेसिंग
सेक्टर-94 कमांड कंट्रोल रूम (आईएसटीएमएस योजना)।

# आईएएस को राजनीति करनी है तो पद से दे इस्तीफा

**नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी नोएडा के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने गौतमबुद्ध नगर जिले में तैनात रहे एक प्रशासनिक अधिकारी के लिए कहा कि यदि प्रशासनिक अधिकारी को अगर राजनीति करनी है तो सबसे पहले अपनी नौकरी से इस्तीफा दें और फिर राजनीति में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि वह पहले भी संबंधित अधिकारी की एक रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्री और यूपी के मुख्यमंत्री को भेजकर उन्हें बर्खास्त करने की मांग कर चुके है। जल्द ही दोबारा से मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजा जाएगा। दरअसल, पूरा विवाद गौतमबुद्ध नगर में डीएम के पद पर 2020 में तैनात रहे आईएएस बीएन सिंह को लेकर हुआ। बीएन सिंह ने कई ग्रुप में रविवार को एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में उनका पूरा बायोडाटा और गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र में किए कार्यों की जानकारी थी जिसे उन्होंने वीडियो फॉर्मेट में साझा किया। इससे भाजपा का सियासी माहौल गरमा गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि मैं यहां स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि लोकसभा प्रत्याशी चुनने का अधिकार हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व को है। राष्ट्रीय नेतृत्व का आदेश होता है उसी के अनुसार संगठन कार्य करता है। डॉ महेश शर्मा हमारे लोकप्रिय सांसद हैं। जनता ने उन्हें दो बार भारी संख्या में अपना मत देकर सांसद चुना है। नोएडा विधानसभा का प्रथम विधायक बनने का गौरव भी प्राप्त हुआ है। विशेष रूप से गौतम बुद्ध नगर में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**पूर्व डीएम ने सोशल मीडिया पर डाला था अपना बायोडाटा, मुख्यमंत्री से बर्खास्त करने की मांग**

### अब जानते है ऐसा क्या है वीडियो में जिसमें राजनीतिक माहौल गर्मा गया

ये एक 53 सेकंड का स्लाइडिंग वीडियो है। 'जिसके पहले पेज पर आईएएस बीएन सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। इसकी अगली स्लाइड में हिंदी में उनका पूरा जीवन परिचय है। इसमें लिखा है बीएन सिंह ने सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्वों में जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर का दायित्व रहा है। गौतमबुद्ध नगर प्रदेश का शो विंडो है। यहां की चुनौतियों को समझते हुए सिंह ने जिलाधिकारी रहते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को समझने मात्रात्मक और गुणात्मक हल निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'

'उनका प्रयास विकास और कानून व्यवस्था (पुलिस कमिश्नरेट के आने से पूर्व जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अंतिम अधिकारी रहे) दोनों में सर्वोत्तम स्थिति को प्राप्त करने का क्रम रहा। आगे लिखा है कि सिंह की कार्य पद्यती पारदर्शी रही और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर शांतिपूर्ण तरीके से एक अच्छी प्रशासनिक व्यवस्था जिसमें प्रोजेक्ट को तेज गति दी सके से ही संबंधित रही। इसके अगले स्लाइड में कई अखबारों की कटिंग को प्रोजेक्ट किया गया। जिसमे जेवर एयरपोर्ट के लिए फर्स्ट फेज में जमीन अधिग्रहण और अन्य विकास कार्यो के बारे में बताया गया। इसके बाद स्कूल नीति , सीएसआर के तहत किए गए विकास कार्यो की जानकारी दी गई।'आईएएस अधिकारी बीएन सिंह वर्ष 2020 तक जिले में तैनात रहे थे।

## सार संक्षेप

### टावर से बैटरी व अन्य सामान चोरी करने वाले पांच बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 24 पुलिस द्वारा नोएडा व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल टावरो से आरआरयू, बैट्री व अन्य सामान चोरी करने वाले 05 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी किए गए 05 टावर आरआरयू व 02 टावर बैट्री व चोरी करने के उपकरण बरामद किए गए है। इनकी पहचान अश्वनी पुत्र सत्यपाल, विनोद पुत्र दूषेराम, कपिल पुत्र गया प्रसाद, जितेन्द्र पुत्र खूबचन्द्र व रिजवान पुत्र निजामुद्दीन हुई है। इन पांचों को टी-प्वाइंट सेक्टर-54 से सेक्टर 57 की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि हम नोएडा एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल टावरो पर नौकरी करते है। वहीं मोबाइल टावरो से आरआरयू व बैट्री चोरी कर लेते है। चोरी किये गये आरआरयू व बैट्रियो को सस्ते दामों पर चोरी का बताकर कबाड़ी रिजवान को बेच देते है।

### कार के आगे कपल फायर डांस वायरल

**नोएडा।** नोएडा में कपल के सेलिब्रेशन का एक वीडियो वायरल हो रहा है। लोगों ने ट्विट कर नोएडा पुलिस से इस पर कार्यवाही करने की बात की है। वीडियो नोएडा के एलिवेटेड रोड का बताया जा रहा है। हालांकि नोएडा पुलिस की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। इससे पहले भी नोएडा की इसी एलिवेटेड पर कई वीडियो वायरल हो चुके है। ये वीडियो 31 सेकेंड का है। जिसमें एक कपल गाड़ी के सामने खड़े होकर डांस कर रहा है। युवती के हाथ में एक फायर गन है। जिससे अनार जैसी फुलझड़ी निकल रही है। युवती इस गन को चारों ओर घुमा रही है। इस दौरान एक सफेद रंग की कार भी वहीं से निकलती है। फायर गन और इस तरह से सड़क पर डांस करना बड़े हादसे को दावत दे सकता है। पास में खड़े लोगों ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बता दे इस रोड पर भीषण सड़क हादसे भी हो चुके है। गाड़ी का नंबर यूपी-16 से शुरू है।

# ठगी करने के मामले में 6 युवती समेत 14 गिरफ्तार

## लोन दिलाने के नाम पर करते करते थे ठगी, 11 लाख कैश बरामद



**नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा पुलिस और साइबर हेल्पलाइन की टीम ने छह युवती समेत कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी लोन दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। इस लोगों ने सेक्टर-6 के सी-3 में एक कॉल सेंटर खोला था। वहीं से फोन के जरिए ये ठगी करते थे। इनके पास से 06 की-पेड मोबाइल फोन, 04 स्मार्ट मोबाइल फोन, 74 शीट कलिंग डेटा और 11 लाख रुपए नगद बरामद किए है। बताया गया कि ये लोग सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बना चुके है। इलेक्ट्रोनिक सर्विलांस टीम, मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर इन सभी को नोएडा के सेक्टर-6 स्थित सी-3 से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान हसीन, विकास शर्मा, राजेश, आशीष, वारिस, सोहिल, कुनाल, सलमान, आशुतोष वहीं युवतियों में निशा, सुगरा ,सुरभि, ट्वींकल, कुसुम, खुशबू को गिरफ्तार किया है।

### अपने को बताते थे बैंक कर्मी

ये लोग मोबाइल के जरिए खुद को कोटेक महिन्द्रा और एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी बताते थे। इसके बाद चोरी किए गए डेटा के जरिए उन लोगों को फोन करते थे जिनको लोन की जरुरत होती थी। उनके आधार, पैन, ईमेल आईडी जानकारी लेकर तमाम कागजी काम करवाते थे। इसके बाद कस्टमर से पालिसी लेप्स होने की वजह से पॉलिसी की किस्त, लोन एडवांस किस्त, आरटीजीएस चार्ज, लोन अप्रूव कराने के लिए फाइल चार्ज, प्रोसेसिंग फीस व अन्य खर्चे बताकर उनसे पैसे मंगवाते थे।

### फर्जी लोन अप्रूवल की भेजते थे कॉपी

कस्टम को प्रूफ के तौर पर ये लोग फर्जी लोन अप्रूवल की डिजिटल कॉपी ई-मेल और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजते थे। साथ ही अपने फर्जी बैंक खातों में पैसे डलवा कर ठगी किया करते थे। कस्टमर का डेटा आरोपी हसीन के पास पहले से ही मौजूद था। हसीन पहले इंश्योरेंस कंपनी में काम किया करता था। वहां पर असली पलिसी करवाने का काम होता था। यह डेटा हसीन वहीं से अपने साथ लेकर आया था।

### एनएस क्रिकेट अकादमी ने जीता शशिकांत मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

**नोएडा।** मानव सेवा समिति, डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सौजन्य से खेले गये 23वें कैप्टन शशिकांत मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन एनएस क्रिकेट अकादमी की जीत के साथ हुआ। नोएडा स्टेडियम पर खेले गए फाइनल मैच में एनएस क्रिकेट टीम अकादमी ने सैम स्पोर्ट्स क्लब को 12 रन से मात दी। टॉस जीतकर सैम स्पोर्ट्स अकादमी ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एनएस क्रिकेट अकादमी ने प्रतीक रमन के 31, अंकित और प्रिंस नागर के 27-27 रन की बदौलत सभी विकेट खोकर 130 रन बनाये। सैम के गेंदबाज अभय प्रताप और दीपांशु यादव ने 4-4 विकेट झटके। जवाब में खेलने उतरी सैम स्पोर्ट क्रिकेट अकादमी की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 118 रन ही बना सकी। इस तरह सैम क्रिकेट अकादमी को 12 रन के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। एन एस के गेंदबाज धर्मेंद्र शर्मा ने चार और संजीव अधाना ने दो विकेट प्राप्त किये।

# 60 लाख के कपड़े के साथ 7 गिरफ्तार

**नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा की थाना फेज-2 पुलिस ने 24 घंटे में चोरी के मामले में सात बदमाशों गिरफ्तार कर 60 लाख रुपए का माल बरामद किया है। बदमाशों ने चोरी होजरी कांप्लेक्स के बी-28 गोदाम से की थी। इसमें गोदाम के गार्ड की मिलीभगत भी सामने आई है। उसाकी तलाश की जा रही है। चोरी में प्रयुक्त की गई लीलेंड गाड़ी भी बरामद की गई। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया ने बताया कि 17 अक्टूबर को पीड़ित ने थाना फेज-2 पुलिस को सूचना दी कि 16 अक्टूबर को अज्ञात चोरों ने फेज-2 स्थित बी-28 गोदाम में घुसकर 8/8.50 टन कपड़ा चोरी कर लिया। जानकारी मिलते ही तुरंत एफआईआर दर्ज करते हुए थाना फेस 2 नोएडा पुलिस ने 02 टीमों का गठन किया। गठित टीमों ने आसपास लगे कैमरो की सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल नंबर की लोकेशन इत्यादि से विभिन्न स्थानों पर तलाश की।

इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर विनेश कुमार, जफर, अनुज, अरबाज, अनीश, खालिद और इरशाद को खालिद के कबाडे के गोदाम सेक्टर-80 के पास गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी किया गया, होजरी का कपड़ा (वजन लगभग 8/8.50 टन, कीमती लगभग 60 लाख रुपये) व एक लीलेंड गाड़ी 03 अवैध चाकू बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान बदमशों ने बताया कि हम सभी मिलकर कम्पनियों में चोरी किया था। ये कपड़ा सोनीपत में बेचना था। एडीसीपी ने बताया कि खालिद, जफर, अनीस के खिलाफ पहले भी नोएडा , गाजियाबाद और सोनीपत में मुकदमे दज है। उन्होंने बताया कि इस चोरी की घटना में कंपनी का गार्ड भी शामिल है। अभी वो फरार है उसकी तलाश की जा रही है। जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।



- **24 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा, 16 को हुई थी कंपनी के गोदाम में चोरी**

# मेवाड़ में मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित, विद्यार्थियों की 11 टीमों ने लिया भाग

**गाजियाबाद,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। वसुंधरा स्थित मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की 11 टीमों ने भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 302 और 34 पर जोरदार बहस की। कानूनी उदाहरणों के साथ इनके पक्ष-विपक्ष में अपने तर्क पेश किये। जिसके आधार पर अपीलकर्ता पक्ष से दो और प्रतिवादी पक्ष से भी दो विजेता घोषित किये गये। वादी पक्ष की टीमों में प्रतीक्षा वत्स, श्रेया प्रकाश व अनुष्का राय टीम और प्रतिवादी पक्ष से अक्षत मोगा, अदिति जैन व सूर्य प्रताप टीम प्रथम घोषित की गई। जबकि वादी पक्ष से रुहानी मलिक, आराध्या श्री व मानसी वरदिया टीम एवं मोहम्मद अमजद व करिश्मा ढींगरा टीम द्वितीय स्थान पर रही। सर्वश्रेष्ठ वक्ता प्रसन्न भारद्वाज रहे। स्पेशल मेट्रोपोलिटन जज



सेवानिवृत्त मसूद रजा और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अमन नरेश मूट कोर्ट प्रतियोगिता के जज रहे। प्रतियोगिता की संयोजिका सहायक प्रोफेसर श्रेया अग्रवाल एवं सह-संयोजक शिवम सिंह थे। प्रतियोगिता के निर्णायकों ने अपने सम्बोधन में प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्हें उनकी ताकत और कमियों के बारे में बताया।

# अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा की समीक्षा बैठक में संगठन की मजबूती पर बल

**गाजियाबाद,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा की समीक्षा बैठक प्रदेश कार्यालय लोहा मंडी में संपन्न हुई जिसमें दर्जनों व्यापारियों ने भाग लिया समीक्षा बैठक में संस्थापक अध्यक्ष रविंद्र चौहान ने संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य के बारे में पदाधिकारी को बताया प्रदेश अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने भी अपने विचार रखें एवं व्यापारियों की समस्या के लिए संगठन किस प्रकार कार्य करें उसके बारे में सभी सम्मानित सदस्यों को जानकारी दी संरक्षक चौधरी तेजपाल सिंह एवं अभिषेक



गर्ग ने व्यापारियों के हितों के बारे में जानकारी दी राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू ने बताया समय-समय पर व्यापारियों के हितों के लिए कैंप लगाए जाने हैं और उनकी समस्याओं के निदान लिए प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराना है समीक्षा बैठक का संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र चौहान संरक्षक चौधरी तेजपाल सिंह राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद चौधरी प्रदेश अध्यक्ष शुभम गुप्ता राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक अभिषेक गुप्ता संरक्षक प्रदेश संयोजक संजीव अरोड़ा मधु शर्मा पूर्व पार्षद प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ता प्रकोष्ठ अनिल चौधरी उपस्थित रहे।

# सनातन विरोधी बयान देने वाले नेताओं के घर पर भेजेंगे श्रीमद्ागवत गीता : गोपाल कृष्ण अग्रवाल

**नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर 8 स्थित दुर्गा मंदिर पर हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने सनातन सर्वोपरि विषय पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सभी जातियों के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप के मौजूद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने सभी को हिंदू धर्म के इतिहास से अवगत कराते हुए कहा की विगत कुछ दिनों से घमंडियां गठबंधन के नेताओं द्वारा सनातन धर्म के प्रति अनरगल बयानबाजी द्वारा लगातार जहर उगला जा रहा है। सनातन विरोधियों के घर गीता के प्रति पहुंचाया जाए ताकि गीता के अध्ययन से वह सभी अपने मन में समाए अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर कर सनातन के प्रति अपना नजरिया बदलें। भारतीय संस्कृति और सभ्यता का प्रसार पूरे संसार में तेजी से स्थापित हो रहा है। इस अवसर पर हिंदू रक्षा दल के जिला अध्यक्ष धीरज मकवाना ने कहा की संसार का सबसे प्राचीनतम धर्म सनातन धर्म है हजारों वर्षों से सनातन धर्म पूरे विश्व को मार्गदर्शन देते आ रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी कल देंगे रैपिडक्स की सौगात

- **एनसीआरटीसी ने कराया साहिबाबाद से दुहाई तक मीडिया ट्रायल रन**
- **चंद मिनटों ही पूरी कर दी 17 किमी लंबी पांच स्टेशनों की दूरी**
- **मीडिया प्रतिनिधियों ने लिया रैपिडएक्स का आनंद**

**गाजियाबाद,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को देश की पहली रैपिड रेल (रैपिडएक्स)की सौगात देश की जनता को देंगे। इसको लेकर गाजियाबाद के वसुंधरा में प्रधानमंत्री की एक सभा होगी और इससे पहले आरआरसीएस प्रोजेक्ट यानी रैपिड रेल का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन से पहले एनसीआरटीसी ने बुधवार को मीडिया ट्रेन का ट्रायल रन कराया । जिसमें देश की समूची मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और रैपिडएक्स ट्रेन की एक तरह से प्रीमियर शो का आनंद लिया और एनसीईआरटीसी द्वारा इस ट्रेन में उपलब्ध कराई गई। अत्यधिक सुविधाओं का आनंद भी लिया रैपिडएक्स का ट्रायल साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से लेकर दुहाई स्टेशन तक चला। इस दौरान ट्रेन में 157 किलोमीटर प्रति घंटा के हिसाब से भी दौड़ लगाई और चंद मिनट में पांच स्टेशन पर करके अपने गंतव्य तक पहुंच गई। इस दौरान एनसीईआरटी के प्रवक्ता पुनीत वत्स व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने ट्रेन की खूबियों के बारे में भी विस्तार से बताया। पिछले कई वर्षों से आरआरटीएस प्रोजेक्ट लगातार चल रहा है और 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करने वाले हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की आगमन की तैयारी में प्रशासन पिछले कई दिनों से दिन-रात जुटा हुआ है। साथ एसपीजी भी डेरा डाल चुकी है। मौके पर कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारी लगातार जायजा ले रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समय अनेक अतिथि इस कार्यक्रम इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।



फिलहाल रैपिडएक्स प्रथम चरण में दुहाई तक चलेगी।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता ने बताया कि रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) एक हाई-स्पीड, हाई-फ्रीक्वेंसी परिवहन प्रणाली है जो 160 किमी प्रति घंटा की परिचालन गति से एनसीआर के निवासियों को क्षेत्र में निर्बाध रूप से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करेगा। इसका 82 किमी लंबा प्रथम कॉरिडोर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ के बीच निर्माणाधीन है।

इस कॉरिडोर का साहिबाबाद और दुहाई डिपो के बीच स्थित 17 किमी लंबा खंड, प्राथमिकता खंड है, जिसे उदघाटन के बाद दिनांक 21अक्टूबर से जनता के लिए आरंभ कर दिया जाएगा। इस खंड में पांच स्टेशन हैं, साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो। 160 किमी प्रति घंटे की परिचालन गति के साथ, इन पूरी तरह से वातानुकूलित रैपिडएक्स ट्रेनों में सुरक्षित और आरामदायक क्षेत्रीय आवागमन के लिए एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन की गई 2×2 ट्रांसवर्स सीटिंग, खड़े होकर यात्रा करने के लिए पर्याप्त स्थान, लगेज रैक, सीसीटीवी कैमरे, लैपटॉप / मोबाइल चार्जिंग सुविधा, डायनेमिक रूट मैप, जैसी कई यात्री-केंद्रित विशेषताएं होंगी।

## भाजपा संगठन ने रैपिड रेल कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा



**गाजियाबाद।** 20 अक्टूबर को वसुंधरा सेक्टर 8 के मैदान में रैपिड रेल उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर प्रशासन के साथ-साथ भाजपा संगठन ने भी अपनी पैनी नजर रखी हुई है । इसी के मद्देनजर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया एवं राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने रैली स्थल पहुंचकर चल रही तैयारी का जायजा लिया। सतेन्द्र सिसौदिया एवं संजीव शर्मा ने जिलाधिकारी राकेश सिंह, नगरायुक्त के साथ प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा की सफलता के लिए तैयारियों के बाबत जानकारी साझा की। इससे पहले सतेंद्र सिसोदिया ने भाजपा कार्यालय पर भाजपा नेताओं व कार्यकताओ के साथ समीक्षा बैठक भी की। प्रदेश मंत्री व महानगर प्रभारी अमित बाल्मीकि, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महानगर पदाधिकारियों के साथ गहन चर्चा वार्ता की और तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही साथ यहां की यथावत तैयारियों का पूर्ण ब्यौरा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश नेतृत्व को भी अवगत कराया। इस दौरान बॉबी त्यागी, गोपाल अग्रवाल, पप्पू पहलवान,सुशील गौतम, रनिता सिंह, चमन चौहान, कामेश्वर त्यागी, प्रदीप चौधरी,संदीप त्यागी, संजीव चौधरी, सतेन्द्र चौधरी, सचिन डेढ़ा, आदि उपस्थित रहे।

उवाच "

नोएडा में डीएनडी से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे होते हुए परी चौक और यहां से यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे एयरपोर्ट तक रैपिड रेल चलाई जाएगी। डीएनडी में रैपिड रेल का स्टेशन प्रस्तावित है। यह रूट करीब 65 किमी लंबा होगा। अब एनसीआरटीसी इस रूट की 15 दिन में फिजबिलिटी रिपोर्ट देगा: **डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

# कैपिटल ज़ोन

## जेवर एयरपोर्ट से डीएनडी तक रैपिड रेल चलाने पर मंथन

### यीडा ने नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के विकल्पों को किया खारिज

**ग्रेटर नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जेवर एयरपोर्ट को रैपिड रेल से जोड़ने के लिए नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन ने तीन विकल्प बताए। इन विकल्पों को यमुना प्राधिकरण ने खारिज कर दिया। प्राधिकरण यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे-किनारे इस कॉरिडोर को चाहता है। उसने सुझाव दिया कि डीएनडी से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर तक रैपिड रेल चलाई जाए। अब नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन इसकी फिजबिलिटी रिपोर्ट तैयार करेगा।



- अब एयरपोर्ट से डीएनडी तक रैपिड रेल का फिजबिलिटी रिपोर्ट तैयार करेगा एनसीआरटीसी
- डीएनडी से जेवर एयरपोर्ट तक 65 किमी लंबा होगा रैपिड रेल का रूट

एनसीआरटीसी ने मंगलवार को यमुना प्राधिकरण में रैपिड रेल को लेकर अपना प्रजेंटेशन दिया। एनसीआरटीसी के मल्टी मॉडल इंटीग्रेटेड विशेषज्ञ समीर कुमार शर्मा ने प्रस्तुतीकरण दिया। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह, एसीईओ शुरूति, एसीईओ विपिन जैन, एसीईओ कपिल सिंह, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया आदि ने प्रस्तुतीकरण को देखा। एनसीआरटीसी ने तीन विकल्प दिए हैं। एनसीआरटीसी ने रैपिड रेल को सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद से शुरू करने की योजना बताई है। पहले रूट की लंबाई-70.4 किमी है। इसमें सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद रैपिड रेल स्टेशन से नॉलेज पार्क-5 (18 किमी)। नॉलेज पार्क-5 से कासना। कासना से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट। दूसरे रूट की लंबाई-70.7 किमी है। सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद रैपिड रेल स्टेशन से सेक्टर इकोटेक-6/कासना (34 किमी)। सेक्टर इकोटेक-6 से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट। सेक्टर इकोटेक-6/कासना से परी चौक पर भी लाने का विकल्प है। तीसरा रूट की लंबाई-72.2 किमी है। सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद रैपिड रेल स्टेशन से नॉलेज पार्क-5, लिंक रोड होते हुए परी चौक। परी चौक पर एक्वालाइन मेट्रो से इंटीग्रेटेड होगा। एनसीआरटीसी ने तीन विकल्प दिए हैं। उन विकल्पों में सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद साउथ, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-16 सी, चार मूर्ति चौक, इकोटेक-12, सेक्टर-2, सेक्टर-3, सेक्टर-10, सेक्टर-12, नॉलेज पार्क-5, पुलिस लाइन सूरजपुर, मलकपुर, इकोटेक-2, नॉलेज पार्क-3, गामा-1, परी चौक, ओमेगा-2, फाई-3, दादूपुर, जुनेदपुर, यीडा सेक्टर-17, सेक्टर-18, सेक्टर-15, सेक्टर-15ए, यीडा सेंट्रल, सेक्टर-29, सेक्टर-30 और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं। एनसीआरटीसी ने तीसरे विकल्प को सबसे बेहतर माना है। सीईओ ने इन विकल्पों को खारिज कर दिया। दरअसल प्राधिकरण यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे-किनारे रैपिड रेल का रूट चाहता है। सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने कहा कि नोएडा में डीएनडी से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे होते हुए परी चौक और यहां से यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे एयरपोर्ट तक रैपिड रेल चलाई जाएगी। डीएनडी में रैपिड रेल का स्टेशन प्रस्तावित है। यह रूट करीब 65 किमी लंबा होगा। अब एनसीआरटीसी इस रूट की 15 दिन में फिजबिलिटी रिपोर्ट देगा।

## तीन माह में ग्रेनो के 3016 और फ्लैट खरीदारों को मिला मालिकाना हक

**ग्रेटर नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की पहल पर खुद के आशियाने में त्यौहार मनाने का फ्लैट खरीदारों का सपना तेजी से पूरा हो रहा है। विगत 26 जुलाई से अब तक 3016 से अधिक खरीदारों के नाम फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है। इससे निबंधन विभाग को लगभग 86.81 करोड़ रुपए की आमदनी भी हुई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दिवाली तक 6000 फ्लैट की रजिस्ट्री कराकर खरीदारों को पजेशन दिलाने का लक्ष्य तय किया है। वहीं, नवरात्रि के चलते फ्लैट खरीदारों की सुविधा को देखते हुए प्राधिकरण परिसर में ही विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका बड़ी संख्या में फ्लैट खरीदार फायदा भी उठा रहे हैं। बुधवार को शिविर में 150 से अधिक फ्लैटों की खरीदारों के नाम रजिस्ट्री हुई है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा है कि फ्लैट खरीदारों का हक दिलाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से हर संभव कोशिश जारी रहेगी। खरीदारों की सुविधा को देखते हुए प्राधिकरण भी शिविर का आयोजन लगातार करता रहेगा।

- फ्लैटों की रजिस्ट्री से लगभग 87 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति
- दिवाली तक 6000 फ्लैट खरीदारों को आशियाना दिलाने का लक्ष्य
- फ्लैट खरीदारों की सुविधा के लिए प्राधिकरण दफ्तर में लग रहा कैंप

## कंपोजिट विद्यालय में छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**ग्रेटर नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कंपोजिट विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बनाए रखने एवं पढ़ने वाले छात्राओं को सभी मूलभूत सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंपोजिट विद्यालय लुक्सर ग्रेटर नोएडा का बुधवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अध्यापकों से शिक्षण कार्यों के संबंध में गहनता के साथ जानकारी प्राप्त की जोकि संतोषजनक प्राप्त हुई। एसएमसी कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से सीएसआर फंड द्वारा कराए गए विद्यालय भवन के निर्माण कार्य एवं मूलभूत सुविधाएं क्लासरूम, स्मार्ट क्लास आदि सुविधाओं का जिलाधिकारी ने गहनता के साथ समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सीएसआर फंड द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य पर संतोष प्रकट करते हुए कार्यों की प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर तक आने वाली सड़क की संबंधित प्राधिकरण से वार्ता करते हुए मरम्मत कराई जाए एवं लुक्सर कंपोजिट विद्यालय को अभ्युदय विद्यालय में सम्मिलित किए जाने के लिए शासन को पत्र भेजा जाय। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।



- जिलाधिकारी ने सीएसआर फंड द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों को लेकर जाहिर की खुशी

## सार संक्षेप

### आवंटियों को एनडीसी देने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण लगा रहा शिविर

**ग्रेटर नोएडा।** आवंटियों को नो ड्यूज सर्टिफिकेट (एनडीसी) दिलाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार (18 अक्टूबर) को आवासीय और को-ऑपेरिटव सोसाइटियों के आवंटियों को नो ड्यूज सर्टिफिकेट देने के लिए विशेष शिविर लगाया गया। हालांकि पहले दिन एक भी आवंटी ने नो ड्यूज सर्टिफिकेट के लिए आवेदन नहीं किया। बृहस्पतिवार (19 अक्टूबर) को उद्योग विभाग के आवंटियों के लिए शिविर लगाया जाएगा। इसके बाद 20 अक्तूबर को बिल्डर विभाग, 25 अक्तूबर को संस्थागत, 26 अक्टूबर को आईटी व बीपीओ और 27 अक्टूबर को नियोजन विभाग के आवंटियों के लिए शिविर लगाया जाएगा। संबंधित आवंटी निर्धारित तिथि पर विभाग में आकर नो ड्यूज सर्टिफिकेट की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने का कहना कि आवंटियों की सुविधा को देखते हुए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संबंधित विभागों के आवंटी तिथिवार शिविर में आकर नो ड्यूज सर्टिफिकेट आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

### सीवर लाइन की खुदाई के दौरान मिटटी में दबकर मजदूर गंभीर, उपचार जारी

**जेवर।** यमुना विकास प्राधिकरण के सेक्टर 33 में मुरादगढी गांव के समीप सीवर लाईन की खुदाई के दौरान मिटटी में दबने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में वहां काम कर रहे अन्य लोगों ने जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार जारी है। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव आछेपुर के रहने वाले पीड़ित स्वजनों ने बताया कि यमुना विकास प्राधिकरण के सेक्टर 33 में मुरादगढी गांव के समीप एक कम्पनी द्वारा सीवर लाईन की खुदाई का कार्य किया जा रहा है। बुधवार को कालू 55 साइट पर काम करने गया था। उसी दौरान मिटटी खिसकने से वह उसके नीचे दब गया। साथी कार्मिकों ने उसे मिटटी से बाहर निकालकर आनन फानन में कैलाश अस्पताल जेवर में भर्ती कराया जहां गंभीर अवस्था में आईसीयू में उसका उपचार जारी है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## एसीईओ ने सेक्टर म्यू-2 का किया निरीक्षण, सामुदायिक केन्द्र बनाने के दिए निर्देश

**ग्रेटर नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम ने बुधवार को सेक्टर म्यू-2 का निरीक्षण किया। एसीईओ ने परियोजना विभाग को सेक्टर म्यू टू में सामुदायिक केन्द्र व दुकानें जल्द बनाने के निर्देश दिए।

प्राधिकरण की एसीईओ सुबह करीब 8.30 बजे सेक्टर म्यू-2 पहुंच गईं। इस दौरान प्राधिकरण का संबंधित स्टाफ और आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने सेक्टर की समस्याओं से एसीईओ को अवगत कराया। एसीईओ ने परियोजना विभाग को सेक्टर में सामुदायिक केंद्र और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए दुकानों का निर्माण कराने के निर्देश दिए। पार्किंग के लिए खाली स्थान को विकसित करने के भी निर्देश दिए। सेक्टर म्यू-2 के मेन गेट के पास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा सेक्टर के अंदर से नियमित रूप से कूड़ा उठाने व सफाई कराने, सफाई कर्मियों की सूची आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने, सेक्टर के मुख्य द्वार पर सूचना पट्ट लगवाकर प्राधिकरण के संबंधित स्टाफ का नाम, पदनाम व मोबाइल नंबर लिखवाने, पार्कों में लगे झूलों व जिम की मरम्मत कराने, झूले व ओपन जिम के उपकरण न होने पर नए लगवाने, खाली प्लॉट की सफाई आदि के लिए निर्देश दिए। एसीईओ मेधा रूपम ने बताया कि इन सभी शिकायतों का निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।



- सेक्टर में दुकानें, सार्वजनिक शौचालय व नियमित कूड़ा उठवाने के दिए निर्देश
- संबंधित विभागों को शिकायतों को निस्तारित कर 15 दिन में रिपोर्ट देने को कहा

## शिक्षक संकुल की बैठक आयोजित, मिशन शक्ति को लेकर किया गया जागरूक

**जेवर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्र की शमशमनगर न्याय पंचायत के गांव रामपुर बांगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को शिक्षक संकुल की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद राशिद अल्वी ने की। नोडल शिक्षक संकुल हरेंद्र शर्मा ने बताया कि बैठक में निपुण विद्यालय, शिक्षक डायरी व शिक्षक संदर्शिका पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने टीएलएम (टीचर लर्निंग मैटेरियल) बनाकर उसकी प्रस्तुति दी। बैठक में सभी अध्यापकों को मिशन शक्ति को लेकर जागरूक किया गया। इस मौके पर एआरपी अर्चना शिरोमणि, प्रधानाचार्य वीना शर्मा, दीवान सिंह, ललित गर्ग, पारुल, प्रवीण अत्रीआदि 95 अध्यापक मौजूद रहे।



## विदेश नीति पर भारत सरकार का जो स्टैंड है वही हर भारतीय का होना चाहिए: सतीश महाना

**ग्रेटर नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बुधवार को साइट-4 स्थिति कीया कार शो रुम के उद्घाटन में पहुंचे, उन्होंने प्रदेश सरकार की विकास परक योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे विकास प्राधिकरण के तहत पिछले पांच-छह साल में तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने इजराइल व हमास के बीच चल रहे युद्ध पर पूछे गए सवाल पर कहा कि हम लोग भारत के नागरिक है, भारत में चुने हुए सम्प्रभुता की सरकार है व्यक्तिगत इसमें कुछ नहीं होता, दो देशों के बीच सम्बन्ध व्यक्तिगत नहीं होता, भारत सरकार का जो स्टैंड है व हर भारतीय का होना चाहिए, राजनीति अलग-अगल कर सकते हैं। उन्होंने कीया के शो रुम के उद्घाटन के साथ इलेक्ट्रिक कार की खूबियों को बताया कि कैसे प्रदूषण को कम किया जा सकता है। एनआरएल ग्रुप ने हरि मोहन गर्ग और उनके पुत्रों रोहित मोहन गर्ग और सिद्धांत मोहन गर्ग के मार्गदर्शन में किया डीलरशिप के माध्यम से, ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के लोगों को उनके पसंदीदा कीया कारों के लिए एक नई कार को लांच किया है। कीया कार शो रुम के उद्घाटन में कीया कंपनी के मिस्टर सेओ, नेगी और कपिल बिंदा भी शामिल हुए थे। यह शो रुम हरि मोहन गर्ग, एनआरएल ग्रुप के मालिक ने इस कदम के लिए अपने पुत्रों रोहित मोहन गर्ग और सिद्धांत मोहन गर्ग के मार्गदर्शन में शुरु हुआ। उन्होंने कहा इसके माध्यम से ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के लोगों को कीया के उत्पाद लोगों तक पहुंचाना है। कीया डीलरशिप ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के ग्राहकों के लिए किया कारों के विशेष ऑफर्स और सेवाओं के साथ आएगी।



- इजराइल व हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर प्रदेश सरकार का रखा मंतव्य
- साइट-4 स्थित कीया शो रुम का किया उद्घाटन, इलेक्टिक वाहनों की सराहना की

## आईटीएस डेंटल कॉलेज के एमडीएस एवं बीडीएस के छात्रों को मिला स्वर्ण पदक

**ग्रेटर नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के आईटीएस डेंटल कॉलेज ने बीडीएस एवं एमडीएस दोनों पाठ्यक्रम में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. सचित आनंद ने बताया कि बीडीएस की छात्रा रिया गुप्ता ने कुलपति स्वर्ण पदक तथा एमडीएस के पेरियाडोंटोलॉजी विभाग की छात्रा डॉ. प्रियंका मिश्रा ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर कुलाधिपति स्वर्ण पदक चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 35वां दीक्षांत समारोह में पदक प्राप्त किया। डॉ. अरोरा ने कहा कि उक्त दोनों छात्राओं ने अपनी मेहनत तथा संस्थान के शिक्षकों के पठन पाठन के तरीके से यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यार्थियो की विशेष उपलब्धि पर आई.टी.एस.द एजूकेशन ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. आर.पी.चड्ढा, उपाध्यक्ष सोहेल चड्ढा, प्रधानाचर्य डॉ. सचित आनंद अरोरा ने सभी विद्यार्थियों की ओर से शिक्षकों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि अपनी कठोर मेहनत के बल पर संस्थान के विद्यार्थी भविष्य में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे।




सीसीएस के 35वां दीक्षांत समारोह में बीडीएस में रिया गुप्ता और एमडीएस डॉ. प्रियंका मिश्रा को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया सम्मानित

## ग्रेटर नोएडा में बनेगा एसटीएफ का प्रशासनिक भवन और ट्रांजिट हॉस्टल

**ग्रेटर नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसटीएफ का पहला स्थाई ऑफिस ग्रेटर नोएडा में बनने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एसटीएफ को बीजेडपी एरिया में 3000 वर्ग मीटर जमीन आवंटित कर दी है। एसटीएफयहां प्रशासनिक भवन और ट्रांजिट हॉस्टल बनाएगा। दरअसल, एसटीएफ की नोएडा इकाई के अंतर्गत चार जिले गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़ और बुलंदशहर आते हैं। एसटीएफ इन चार जिलों में संगठित अपराध की कमर तोड़ने का काम करती है। फिलहाल इसका अस्थाई कार्यालय सूरजपुर कोतवाली परिसर में बना हुआ है। एसटीएफ से लंबे समय से ग्रेटर नोएडा में प्रशासनिक भवन और ट्रांजिट हॉस्टल के लिए जमीन के लिए प्रयास कर रहा था। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता शनंदी' के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बीजेडपी एरिया में (भूखंड संख्या -एफ 06बी) 3000 वर्ग मीटर जमीन आवंटित कर दी है। इसकी सबलीज डीड जल्द होने जा रही है। इसके बाद नक्शा स्वीकृत कराकर एसटीएफ इस पर प्रशासनिक भवन और ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कराएगा। एसटीएफ को 3000 वर्ग मीटर जमीन आवंटन से प्राधिकरण को भी लगभग 6.61 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। इस बारे में एसटीएफ के अधिकारियों का कहना कि ग्रेटर नोएडा में स्थाई प्रशासनिक भवन और ट्रांजिट हॉस्टल बन जाने अपराधियों के खिलाफऔर प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है कि संगठित अपराध को रोकने में एसटीएफ अहम रोल निभा रहा है। ग्रेटर नोएडा में एसटीएफका प्रशासनिक भवन और ट्रांजिट हॉस्टल बनने से न सिर्फ गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़ और बुलंदशहर, बल्कि प्रदेश भर में अपराधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

- एसटीएफ को ग्रेनो के बीजेडपी एरिया में 3000 वर्ग मीटर जमीन आवंटित
- संगठित अपराध के खिलाफ और जोरदार अभियान चलाने में मिलेगी मदद


## दीक्षा आरम्भ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नीति, नियमों व शिक्षा प्रणाली से कराया गया अवगत



**ग्रेटर नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित जीएल बजाज कॉलेज में सत्र 2023-24 के सात दिवसीय दीक्षा-आरम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी विभाग अध्यक्ष और अध्यापकों के द्वारा नए सत्र के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया तथा सभी छात्रों को शिक्षण सत्र के बारें में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सीनियर छात्रों और म्यूजिक क्लब ने नए छत्रों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति पेश की। जिस पर सभी छात्र छात्राओं ने जमकर प्रशंसा की। उसके बाद सभी छात्रों को कॉलेज के नीति, नियमों और शिक्षा प्रणाली से अवगत कराया गया। कॉलेज के निदेशक डॉ. मानस मिश्रा ने छात्रों से कहा कि शिक्षा के विकास के साथ-साथ आधुनिकरण पर्यावरण वातावरण और समाजवाद पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया की तर्ज पर कॉलेज में कक्षाओं को डिजिटल बनाया गया है। जिसमें छात्रों को ऑनलाइन रूप से शिक्षा मिल सकेगी।

## जेवर एयरपोर्ट के पास मकान बनाने का 1184 आवेदकों का सपना हुआ साकार

**ग्रेटर नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण में नोएडा एयरपोर्ट के पास मकान बनाने का 1184 आवेदकों का सपना बुधवार को साकार हो गया। 1.30 लाख आवेदकों में से 1184 लोगों के किस्मत का फैसला स्कूली बच्चों ने पर्ची निकाल कर किया। हालांकि हल्के फुल्के विरोध के बीच योजना के 1184 आवेदकों की किस्मत का फैसला हुआ। सेक्टर पी थ्री के सामुदायिक केंद्र में रेनबो स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आवेदकों के नाम की पर्ची निकालकर उनकी किस्मत का फैसला किया। सुबह करीब दस बजे से शुरू हुई ड्रा प्रक्रिया शाम साढ़े छह बजे समाप्त हुई। ड्रा में शामिल होने पहुंचे आवेदकों ने पर्ची घुमाने के लिए लगाए गए ड्रम को लेकर सवाल उठाए। आरोप लगाया कि ड्रम कमजोर होने के कारण उसे अधिक रफ्तार से नहीं चलाया गया। इसलिए आवेदकों के नाम की पर्ची ठीक से मिल नहीं सकीं। भूखंड की संख्या के सापेक्ष एक मुश्त भुगतान के आवेदक अधिक होने के कारण उनके बीच ही ड्रा हुआ। प्राधिकरण बृहस्पतिवार दोपहर तक सफल आवेदकों के नाम की सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर देगा।




- यमुना प्राधिकरण में आवासीय भूखंडों का निकाला गया ड्रॉ
- प्राधिकरण सफल आवेदकों को एक सप्ताह के अदंर जारी करेगा आवंटन पत्र

यमुना प्राधिकरण ने सात अगस्त को 1184 आवासीय भूखंड की योजना निकाली थी। चार सितंबर को समाप्त हुई भूखंड योजना में प्राधिकरण के अब तक के इतिहास में सबसे अधिक 130899 आवेदन मिले थे। भूखंड के सापेक्ष आवेदकों की संख्या काफी अधिक होने के कारण अधिकतर को निराशा हाथ लगी, लेकिन जिन आवेदकों के नाम की पर्ची निकली, उन्हें सहसा अपनी किस्मत पर विश्वास नहीं हुआ। कई आवेदकों ने पर्ची डालने के लिए लगाए गए ड्रम के कमजोर होने पर सवाल उठाए। पारदर्शी ड्रम पर्ची का बोझ ठीक से नहीं संभाल पाने के कारण उसे घुमाने की गति काफी धीमी थी। ड्रम में डाली गई पर्ची ठीक से नहीं मिल सकी, जो पर्ची ऊपरी सतह पर थी, उनमें से ही छात्र पर्ची निकालते रहे।

आवेदकों की अधिक संख्या को देखते हुए केंद्र के बाहरी परिसर में एलईडी लगाकर आवेदकों के लिए ड्रा प्रक्रिया देखने की व्यवस्था की गई थी। कक्ष में जैसे ही क्षमता के सापेक्ष आवेदक पहुंचे, पुलिस कर्मियों ने दरवाजे पर प्रवेश रोक दिया। इसलिए अधिकतर आवेदकों को एलईडी पर ड्रा प्रक्रिया देखनी पड़ी। एसीईओ विपिन जैन की अध्यक्षता में गठित समिति की निगरानी में ड्रा की शुरुआत करीब दस बजे 120 वर्गमीटर श्रेणी से हुई। शुरुआत में ही लोगों ने लिफाफे में अलग से पर्ची लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया, लेकिन कुछ ही देर में शांत हो गए। इसके बाद ड्रम खुलने से कुछ पर्ची निकलकर बाहर गिर गई। एक बार फिर लोगों अशांत हो गए। पर्ची ड्रम में डालकर दोबारा प्रक्रिया शुरू की गई। सभी श्रेणी में पहले किसान, फिर दिव्यांग कोटे के बाद सामान्य आवेदकों की पर्ची निकाली गई। सामान्य श्रेणी में सबसे पहली पर्ची रजनी गुप्ता के नाम की निकली। इसके बाद पर्ची निकलती रही और आवेदकों के चेहरे पर खुशी और निराशा आती जाती रही। साढ़े छह बजे ड्रा प्रक्रिया समाप्त हो गई। ड्रा प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए सेवानिवृत न्यायाधीश एवं आइएएस अधिकारी की जूरी बनाई गई थी। इसके साथ ही वीडियो व फोटोग्राफी कराई गई। फेसबुक व यूट्यूब चौनल पर भी ड्रा प्रक्रिया का सजीव प्रसारण हुआ। प्राधिकरण की वेबसाइट पर दिए लिंक से जुड़कर बड़ी संख्या में लोगों ने सजीव प्रसारण देखा।

## सतर्कता ही बचाव शीर्षक पर साइबर सुरक्षा कार्यक्रम का जीबीयू में हुआ आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 'सतर्कता ही बचाव है' शीर्षक पर साइबर सुरक्षा माह के अनुक्रम में लीगल एड क्लिनिक की तरफ से साइबर सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत अलग-अलग कार्य दिवसों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी अनुक्रम में 'साइबर अपराध: समस्या और समाधान' शीर्षक पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन को किया गया। अगले दिन 'साइबर जागरूकता अभियान' विषय पर एक रैली का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत पैरा लीगल वालंटियर्स द्वारा विधि विभाग सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में छात्र छात्राओं को साइबर अपराध संबंधी विभिन्न घटनाओं तथा उनके निस्तारण संबंधी प्रक्रिया को अवगत कराया गया। इसी अनुक्रम में 18 अक्टूबर को बैंकिंग सेक्टर संबंधी साइबर अपराध और उनसे बचाव संबंधी प्रक्रिया से छात्र छात्राओं को अवगत कराने हेतु प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, शाखा गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा पवन कुमार मिश्र और लेखाधिकारी सुरेन्द्र कुमार रौतेला विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। बैंक के दोनों ही अधिकारियों ने बैंकिग फ्राड और उससे बचाव संबंधी प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक चर्चा किया। मूलमंत्र के रूप से 'सतर्कता ही बचाव है' के रूप में कार्य करते हुए हम बड़े से बड़े साइबर अपराध से आसानी से बच सकते हैं। इस अवसर पर डीन विधि विभाग डा के के दिवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यकम के अंत में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी एवम् निदेशक कार्य डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और उपहार प्रदान किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभाग को शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# प्रादेशिकी

## यात्रियों को मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

**रुद्रप्रयाग।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य खराब होने पर तत्परता से स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार किया जा रहा है, जिसके लिए यात्रा मार्ग से केदारनाथ धाम तक चिकित्सकों की तैनाती की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचसीएस मार्तोलिया ने कहा कि बुधवार को आकस्मिक एवं ओपीडी सहित 717 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कराया गया, जिसमें ओपीडी में 477 पुरुष तथा 155 महिलाएं शामिल हैं। अब तक ओपीडी एवं आकस्मिक सुविधाओं सहित 2,39,968 तथा केवल ओपीडी के माध्यम से 2,13,002 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया है, जिसमें 1,64,221 पुरुष तथा 48,781 महिलाएं शामिल हैं। बताया कि अब तक कुल 10,572 यात्रियों को ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है।

# जनता को सुविधाएं नहीं दे पाई पहले की भाजपा की सरकार : सुक्खू

**शिमला,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनमंच के मुद्दे पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जनमंच को लेकर हो हल्ला करने वाली प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार इंतकाल के मामलों का भी जनमंच में निपटारा नहीं कर सकी। सनद हे कि प्रदेश में इंतकाल व निशानदेही के करीब 50 हजार मामले लंबित हैं। लंबित मामलों के निपटारे के लिए सरकार ने इंतकाल अदालतों के आयोजन का फैसला लिया है।

शिमला में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने जब राजस्व का रिकार्ड खंगाला गया तो पता चला की जिन 25 हजार मामलों में रजिस्ट्री हो चुकी है , मगर उनके इंतकाल तक नहीं हो सके हैं। इतना ही नहीं करीब 27 हजार मामले निशानदेही से कई वर्ष से लंबित पड़े हैं। सुक्खू ने कहा कि पूर्व सरकार के समय कैसा जनमंच होता था, जो जनता को सुविधाएं तक नहीं दे सका। उन्होंने कहा कि जनमंच के माध्यम से इंतकाल जैसे मामलों का निपटारा तो हो सकता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद राजस्व कानून में बदलाव किया है , ताकि कई वर्ष से लंबित पड़े मामलों का निपटारा हो सके

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरका की तरफ से जारी आपदा राहत पैकेज की शुरुआत मंडीए कुल्लू और बिलासपुर से की



जाएगी। इसके विपरीत केंद्र से आपदा का जायजा लेने के लिए तीसरी टीम आने के

> राज्य सरका की तरफ से जारी आपदा राहत पैकेज की शुरुआत मंडीए कुल्लू और बिलासपुर से की जाएगी। इसके विपरीत केंद्र से आपदा का जायजा लेने के लिए तीसरी टीम आने के बावजूद कोई राहत नहीं मिली। पूर्व सरकार ने हर चीज के नाम पर जनता पर बोझ डाला। पूर्व सरकार 75 हजार करोड़ रुपए का कर्ज छोड़ने के अलावा 10 हजार करोड़ की देनदारियां भी छोडकर् गई है: सुखविंदर सिंह सुक्खू

बावजूद कोई राहत नहीं मिली। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने हर चीज के नाम पर जनता पर बोझ डाला। पूर्व सरकार 75 हजार करोड़ रुपए का कर्ज छोड़ने के अलावा 10 हजार करोड़ की देनदारियां भी छोडकर् गई है।

सुक्खू ने केंद्र सरकार से जल्द आपदा राहत पैकेज जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपए का क्लेम किया है, जिसके आधार पर राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी भाजपा ने विधानसभा के भीतर भी हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने एवं विशेष राहत पैकेज देने का समर्थन नहीं किया। ऐसे में भाजपा कैसे जनता के साथ खड़ी हो सकती है।

## प्रदेश में चार हेलीपोर्ट से शीघ्र आरम्भ होंगी उड़ानें : मुख्यमंत्री

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि चम्बा, पालमपुर, रक्कड़ (कांगड़ा) और रिकांगपिओ हेलीपोर्ट के लिए किफायती हवाई किराए पर हेलीकाप्टर सेवाएं शीघ्र ही शुरू होने वाली हैं। उन्होंने कहा कि यह हेलीपोर्ट उड़ान योजना के तहत चिन्हित किए गए हैं और यहां के लिए उड़ानें शुरू होने से दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों के लोगों के लिए हवाई यात्रा अधिक सुलभ हो जाएगी और इससे इन क्षेत्रों में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नई हेलीकाप्टर सेवाएं पर्यटन और स्थानीय आबादी दोनों के लिए वरदान साबित होंगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल को पर्यटन राज्य के रूप में विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में पर्यटन बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने, पर्यटकों की संख्या बढ़ाने और हवाई सम्पर्क में और सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला मुख्यालयों पर हेलीपोर्ट स्थापित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार भी प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के अथक प्रयासों से हवाई सम्पर्क सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर से कुल्लू के भुंतर तक हवाई उड़ानें आरम्भ हो चुकी हैं जोकि राज्य में पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी में मददगार साबित होगा क्योंकि अमृतसर हवाई अड्डा विभिन्न घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ने वाला एक प्रमुख केंद्र है।

# उत्तराखण्ड में जयंती पर एनडी तिवारी को किया याद

- कांग्रेसियों ने विकास दिवस के रूप में मनाई पूर्व सीएम की जयंति



**हल्द्वानी,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास पुरुष के नाम से जाने वाले उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की आज जयंती और पुण्यतिथि है। इस अवसर पर जगह-जगह कार्यक्रम किया जा रहे हैं। कांग्रेसियों ने हल्द्वानी के स्वराज आश्रम में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। आज के दिन को विकास दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। हल्द्वानी के स्वराज आश्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल और हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश के साथ कांग्रेसियों ने स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी को उत्तराखंड में उनके विकास कार्यों के लिए याद किया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि नारायण दत्त तिवारी को उत्तराखंड का विकास पुरुष कहा जाता था। प्रदेश में औद्योगिक संस्थाएं और बड़े-बड़े प्रोजेक्ट एनडी तिवारी की देन हैं। उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। उत्तराखंड में एनडी तिवारी ने विकास कार्यों की सोच को साथ लेकर राज्य को आगे बढ़ाने का काम किया। कांग्रेस उसी काम को आगे बढ़ाएगी। नारायण दत्त तिवारी का जन्म 18 अक्टूबर 1925 को ग्राम बल्यूटी, पदमपुरी, नैनीताल में हुआ था। उनका बचपन नैनीताल में बीता। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा की शुरुआत नैनीताल से हुई और फिर उन्होंने बरेली में आगे की शिक्षा हासिल की। एनडी तिवारी 1976-77, 1984-85 और फिर 1988-89 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। बाद में वह 2002 से 2007 तक उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे। जब उत्तर प्रदेश से बने पहाड़ी राज्य में कांग्रेस सत्ता में आई। नारायण दत्त तिवारी 2002 से 2007 तक अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करने में सफल रहे। 2017 में किडनी संक्रमण और कई अंग विफलता के बाद दिल्ली के मैक्स अस्पताल में उनको भर्ती कराया गया था। मैक्स अस्पताल में उनका 18 अक्टूबर 2018 को निधन हो गया था। इस तरह नारायण दत्त तिवारी की जन्मदिन और पुण्यतिथि एक ही दिन पड़ती है।

### हल्द्वानी में सर्वदलीय कार्यक्रम आयोजित

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी की आज जयंती के साथ ही पांचवीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर हल्द्वानी में एक सर्वदलीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी के द्वारा किए गए विकास कार्यों को याद किया गया।

## सार संक्षेप

### प्रदेश के तीन जिलों में बारिश का अंदेशा

**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम आंख मिचैली खेल रहा है। मौसम का मिजाज कभी तल्ख तो कभी सामान्य बना हुआ है। इन दिनों प्रदेश के पहाड़ी जिलों में मौसम खुशनुमा बना हुआ है। साथ ही सुबह-शाम गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है, जबकि मैदानी जिलों में हल्की गर्मी बनी हुई है। वहीं मौसम विभाग ने आज फिर उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। लेकिन मौसम विभाग ने आज कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। गौर हो कि प्रदेश में बीते दिनों बारिश से ठंड का अहसास होने लगा है। साथ ही सुबह-शाम सर्द हवाएं चलने लगी हैं। वहीं मानसून की विदाई के बाद प्रदेश के हिल स्टेशनों में मौसम खुशनुमा बना हुआ है। जहां सैलानी जमकर मौसम का लुत्फ उठाते दिखाई दे रहे हैं। वहीं सैलानियों की आमद बढ़ने से व्यापारियों के चेहरे खिले हुए हैं, क्योंकि मानसून सीजन में आपदा से व्यापारियों को खासा नुकसान उठाना पड़ा है। जिसकी भरपाई वो इस त्योहारी सीजन में होने की उम्मीद लगाए हुए हैं। बता दें कि प्रदेश के पहाड़ी जिलों में मौसम पल-पल करवट बदल रहा है। जिससे लोगों को बारिश से निजात नहीं मिल पा रही है और रुक-रुक कर बारिश का दौर अभी भी जारी है।वहीं मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पर्वतीय जिले चमोली, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं-कहीं गरज के साथ बारिश होने का अंदेशा जताया है। वहीं प्रदेश के अन्य हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं बात राजधानी देहरादून की करें तो आज यहां मौसम साफ रहा।


### अपर सचिव ने लिया जिला चिकित्सालय का जायजा

**रुद्रप्रयाग।** अपर सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमनदीप कौर ने राजकीय माधवाश्रम चिकित्सालय कोटेश्वर व जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होने दोनों चिकित्सालय की चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त बताते हुए इसे नियमित बनाये रखने के निर्देश दिये। अपर सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमनदीप कौर ने राजकीय माधवाश्रम चिकित्सालय कोटेश्वर के भ्रमण के दौरान अपेडिक अनुभाग सर्जरी, नेत्र, बाल रोग, फिजियोथैरेपी, एक्स-रे अनुभाग, रोग्यायुक्त बाल रोग अनुभाग, डीटीकल केयर ब्लॉक, सैय्याओं, चिकित्सालय भवन व चिकित्सालय कर्मियों के निवास का जायजा लिया। इसके अलावा निर्माण इकाई द्वारा समय से कार्य पूर्ण नहीं करने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरीश चन्द्र सिंह मालिया को कार्यदायी संस्था पर कारण बताओ नोटिस एवं अर्थदंड भी लगाये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर सचिव ने राजकीय माधवाश्रम चिकित्सालय कोटेश्वर में पदों का शीघ्र सृजन करने के लिए शासन एवं महानिदेशालय स्तर से कार्यवाही करवाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव सिंह पाल को निर्देश दिए।

### सुडोकू 6351 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 4 | 2 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 |

# शिमला फोरलेन के दूसरे चरण में कंडाघाट के नजदीक प्रस्तावित सुरंग के निर्माण का रास्ता साफ



**शिमला,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कालका - शिमला फोरलेन के दूसरे चरण में कंडाघाट के नजदीक प्रस्तावित सुरंग के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने फोरलेन के दूसरे चरण के लिए एफसीए की मंजूरी प्रदान कर दी है। सोलन के डीएफओ कुणाल अंग्रीश ने एफसीए की मंजूरी मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि एफसीए की मंजूरी मिल चुकी है। अब वन विभाग कंडाघाट में सुरंग के समीप 1.8 हैक्टेयर भूभाग पर आगामी मानसून सीजन में करीब 2 हजार पौधे लगाएगा।

उल्लेखनीय है कि कालका- शिमला फोरलेन पर कंडाघाट के नजदीक 667 मीटर लंबी सुरंग का दूसरे चरण में निर्माण होना है। करीब 6 माह पहले सुरंग के दूसरे छोर पर पानी का टैंक आड़े आ गया। साथ ही फोरेस्ट क्लीयरेंस रिपोर्ट न होने के कारण भी कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इसके चलते फोरलेन के निर्माण में लगी कंपनी ने कार्य रोक दिया था। कंपनी ने यहां से नई डीपीआर तैयार करने के लिए एनएचएआई को लिखा और अतिरिक्त बजट की भी मांग की थी। इसी के साथ फोरेस्ट क्लीयरेंस रिपोर्ट के लिए लिखा था।अब केंद्रीय मंत्रालय ने इस सडक् के निर्माण कार्य के लिए एफसीए मंजूरी प्रदान कर दी है।

डीएफओ कुणाल अंग्रीश ने बताया कि सोलन से कैथलीघाट तक चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण कार्य हेतु कंडाघाट के समीप 0.9036 हैक्टेयर वन भूमि के प्रवर्तन के लिए भारत सरकार के पर्यावरणए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से फॉरेस्ट क्लियरेंस प्राप्त हुई है। इस क्लियरेंस से कंडाघाट के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग की 667 मीटर लंबी सुरंग पूरे किए जाने का रास्ता साफ होगा। राजमार्ग पर शिमला की तरफ सुरंग का 407 मीटर का हिस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा पूर्ण किया जा चुका है। क्लियरेंस के बाद कंडाघाट की तरफ सुरंग के बचे हुए 260 मीटर हिस्से पर कार्य आरंभ किया जा सकेगा। सुरंग से न केवल कंडाघाट क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्थित होगा अपितु शिमला से कुछ दूरी भी घटेगी।

# मंत्री जोशी ने ली मसूरी विधानसभा की सड़कों को लेकर लोनिवि की बैठक

**देहरादून।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग की सड़कों की वर्तमान प्रगति की स्थिति के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कई दिनों से लम्बित सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि क्यारा-धनौल्टी मोटर मार्ग का निर्माण पूर्ण होने से धनौल्टी की दूरी लगभग 35 से 40 किलोमीटर तक कम हो जायेगी साथ ही उन्होंने क्षेत्र के अन्तर्गत पुल निर्माण तथा सहस्त्रधारा स्थिति बाईपास मार्ग के निर्माण से जाम की समस्या से आमजन को निजात मिल सकेगी। मंत्री ने कहा कि क्यारा-धनौल्टी मार्ग पर 4 किलोमीटर सड़क निर्माण का शिलान्यास 2019 में किया गया था जोकि त्रुटिवश टिहरी जनपद में विस्थापित हो गया है जिसके समाधान हेतु अपर सचिव, पीडब्ल्यूडी को 15 दिनों के भीतर निस्तारण के निर्देश दिये हैं।

# उत्तराखंड में होगी 381 महिला व पुरुष होमगार्ड की भर्ती

**देहरादून,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में जल्द ही 381 महिला और पुरुष होमगार्ड की भर्ती होगी। होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय की ओर से भर्ती को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जल्द भर्ती शुरू करने का आश्वासन दिया है। विभाग की ओर से यह भर्तियां रिक्तियों के सापेक्ष की जा रही हैं। इसमें 379 पुरुष और दो महिला होमगार्ड के पद हैं। वर्तमान में होमगार्ड आपदा, यातायात, कानून व्यवस्था, गार्द ड्यूटी और कैदियों की जेल से न्यायालय में पेशी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। लंबे समय से नई भर्ती न होने के चलते खासकर पुरुष होमगार्ड के पद 379 पद खाली हैं। इनमें जिला नैनीताल, हरिद्वार और देहरादून में सबसे ज्यादा पद खाली हैं। ऐसे में सभी जिलों में रिक्त पदों को भरने के लिए विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। विभाग ने 2024 में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति मांगी है।

विभाग में महिला होमगार्ड के 320 पद पर भर्ती गतिमान हैं। पहले चरण में टिहरी, उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली, उधमसिंहनगर और बागेश्वर में भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं। महिला होमगार्ड का 42 दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण केंद्र श्रीनगर गढ़वाल में प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा दूसरे चरण में जनपद रुद्रप्रयाग , अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत में भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद दिसंबर से नई भर्ती शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। उत्तराखंड कमांडेंट जनरल होमगार्ड केवल खुराना के अनुसार, विभाग में स्वीकृत संख्या के सापेक्ष करीब 381 पुरुष व महिला होमगार्ड के पद खाली हैं। महिला होमगार्ड की भर्ती लगभग पूरी हो चुकी है। पुरुष होमगार्ड के जिला देहरादून, हरिद्वार और नैनीताल में सबसे अधिक पद खाली हैं। इन पदों को भरने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

# राजीव गांधी स्वरोजगार ई. टैक्सी योजना को श्रम व रोजगार विभाग के माध्यम से अमलीजामा पहनाया जाएगा

**शिमला,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। हिमाचल सरकार की महत्वाकांक्षी राजीव गांधी स्वरोजगार ई. टैक्सी योजना को श्रम एवं रोजगार विभाग के माध्यम से अमलीजामा पहनाया जाएगा। सरकार ने श्रम एवं रोजगार विभाग को योजना की क्रियान्वयन ऐजेंसी बनाया है। परिवहन विभाग का काम सिर्फ ई. टैक्सी योजना के लाभार्थियों का चयन करना होगा। लाभार्थियों के चयन के बाद परिवहन विभाग इनके नाम श्रम एवं रोजगार विभाग को भेजेगा। बुधवार को इस संबंध में संशोधित आदेश जारी हुए हैं।

क्रियान्वयन ऐजेंसी के गठन के साथ ही सरकार ने इस योजना में कुछ अन्य शर्तों का समावेश भी किया है। इसके लिए आवेदन करने को सरकार अलग से सॉ टवेयर रखेगी जिसमें आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के लिए सरकार अंतिम तारीख निर्धारित करेगी और आवेदनों की छंटनी व प्रोसे की प्रक्रिया आरटीओ के स्तर पर की जाएगी। आरटीओ सभी शर्तों को ध्यान में रखते हुए आवेदक का चयन करेंगे। इसके लिए ड्राइविंग टेस्ट भी जरूरी बनाया गया है।

### आवेदकों इन शर्तों को करना होगा पूरा

ई. टैक्सी योजना के आवेदक को ड्राइविंग टेस्ट देना होगा। जाहिर है कि सरकार आवेदक के ड्राइविंग कौशल को परखेगी। साथ ही मोटर कार मेकेनिज्म की भी जानकारी होनी जरूरी है। चालक की क्या डयूटी है उसे पता होना चाहिए साथ ही पैट्रोलए डीजल की बचत के बारे में भी अनुभव हो।

गाड़ी की बेसिक मेंटेनेंस के बारे में जानता होए ट्रैफिक रूल व रेगुलेशन का पता होना चाहिए। आवेदक को आरटीओ द्वारा परमिट करने के बाद मामला श्रम एवं रोजगार विभाग को जाएगा जो उसके आगे की प्रक्रिया करेगा। उसे लाभ इसी विभाग द्वारा दिया जाएगा।

# अवैध मदरसों को लेकर गरमाई उत्तराखंड की सियासत

**देहरादून,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में अवैध मजारों के बाद अब अवैध मदरसों का मामला काफी चर्चाओं में आ गया है। कुछ दिनों पहले नैनीताल जिले के ज्योलिकोट में अवैध रूप से संचालित मदरसे को सील किया गया था। यहां से 24 बच्चों को रेस्क्यू किया गया था। इस मामले के सामने आने के बाद ही सीएम धामी ने प्रदेश में संचालित सभी मदरसों का सत्यापन करने के निर्देश दिए थे। बीते कुछ दिनों के भीतर ही उधमसिंह नगर जिले के किच्छा में दो और अवैध रूप से संचालित मदरसे सामने आए हैं। जिसके बाद से ही प्रदेश की सियासत गरमा गई है।

13 अक्टूबर को किच्छा के सिरौलीकला में एक अवैध रूप से संचालित मदरसे पर कार्रवाई की गई थी। साथ ही संचालक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसके तीन दिन बाद ही इसी क्षेत्र के पुलभट्टा में एक और अवैध मदरसे



पर कार्रवाई की गई। इस मदरसे में 22 बच्चियों और दो बच्चों को कमरे में बंद किया गया था। लिहाजा पुलिस की ओर से की गई छापेमारी के दौरान ना सिर्फ इन बच्चे बच्चियों का रेस्क्यू किया गया, बल्कि संचालिका को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मदरसा संचालक फरार चल रहा है। अब इस पूरे मामले पर सरकार लगातार कार्रवाई की बात कह रही है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पहले भी जहां अवैध मदरसों के संचालन की जानकारी मिली थी, उन पर कार्रवाई की गई। ऐसे में प्रदेश में जहां भी अवैध मदरसे होंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि कानून से ऊपर कोई नहीं है। साथ ही कहा कि अवैध मदरसे किसकी सह पर संचालित हो रहे हैं, वह एक जांच का विषय है। आपको बता दें कि नैनीताल में अवैध मदरसा संचालक का मामला सामने आने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों को प्रदेश के सभी मदरसों का सत्यापन करने के निर्देश दिए थे।

# विधायक चैधरी ने किया करोड़ों के डामरीकरण का शुभारंभ

**रुद्रप्रयाग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकासखण्ड जखोली में राज्य योजना के तहत स्वीकृत 3 मोटर मार्गों के डामरीकरण का शुभारंभ स्थानीय विधायक भरत सिंह चैधरी व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने किया। जिसमें भरदार क्षेत्र में क्वीलाखाल-तलपण्डेरा 5 किमी सड़क का 2.74 करोड़ की लागत से डामरीकरण होगा, जबकि लस्या पट्टी में आश्रम घरड़ा मखेत 2.20 किमी लम्बी सड़क का 2.22 करोड़ की लागत एवं आश्रम से राजकीय महाविद्यालय जखोली 3.25 किमी सड़क का 2.17 करोड़ की लागत से डामरीकरण के कार्य किये जाएंगे।

लंबे समय से स्थानीय जनता सड़कों के डामरीकरण की मांग कर रही रही थी। सड़कों के डामरीकरण के शुभारंभ के अवसर पर स्थानीय जनता ने विधायक भरत चैधरी का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। साथ ही अभिवादन करते हुए सड़क डामरीकरण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राज्य में औद्योगिक सुरक्षा बल के गठन की तैयारी

- होमगार्ड्स को जिम्मेदारी देने पर भी किया जा रहा विचार
- एसीएस गृह राधा रतूड़ी ने ली बैठक
- सीआईएसएफ की तर्ज पर एसआईएसएफ का होगा गठन

**देहरादून,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में विभिन्न संस्थाओं और औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ की तर्ज पर एसआईएसएफ बनाने की तैयारी चल रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की बैठक के दौरान भी इस पर चर्चा की गई थी और राज्य सरकार ने जल्द ही औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा से जुड़ी राज्य स्तरीय फोर्स गठित करने का फैसला लिया था। लिहाजा अब इस दिशा में अपर मुख्य सचिव गृह राधा रतूड़ी ने विभिन्न विभागों के साथ बातचीत करते हुए एसआईएसएफ के गठन पर चर्चा की।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ की तर्ज पर राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के गठन को लेकर कार्य योजना तैयार की जा रही है। इसके लिए होमगार्ड, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों, नागरिक उड्डयन



विभाग, सिडकुल, गृह विभाग और औद्योगिक संस्थानों के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान इन सभी विभागों और संस्थाओं के अधिकारियों को सुरक्षा बलों की आपूर्ति से जुड़ी जानकारी जल्द से जल्द गृह विभाग को भेजे जाने के निर्देश दिए गए।

खास बात यह है कि राज्य में बैंकों की करेंसी सिक्योरिटी, एयरपोर्ट्स, हेलीपैड, सिडकुल औद्योगिक संस्थानों और राज्य व केंद्र सरकार के उपक्रम के साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी सुरक्षा के लिए कुल कितने सुरक्षा बलों की आवश्यकता होगी, इसकी भी जानकारी जुटाने के लिए कहा गया है। उधर दूसरी तरफ अपर मुख्य सचिव गृह राधा रतूड़ी ने होमगार्ड विभाग को भी एसआईएसएफ को काम दिए जाने के औचित्य पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को होमगार्ड विभाग के प्रस्ताव पर भी अध्ययन करने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, राज्य में औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा के लिए अलग फोर्स गठित करने पर विचार चल रहा है। इसके अलावा पर्यटन पुलिस को भी अलग से राज्य में तैनाती दिए जाने पर भी बातचीत चल रही है। उत्तराखंड सरकार ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सामने भी अपने प्रस्ताव को रखा था। इस दौरान पुलिस मुख्यालय से इसके लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव गृह विभाग को भेजे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# दहेज उत्पीड़न और गर्भपात के मामले पर यूपी पुलिस की कार्रवाई

**देहरादून,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवविवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जबरन गर्भपात कराने के आरोप में फरार चल रहे पति अजहरउद्दीन को यूपी की बरेली पुलिस ने देहरादून के पटेल नगर क्षेत्र के अंर्तगत शिमला एनक्लेव से गिरफ्तार किया है। बरेली पुलिस ने देहरादून पुलिस को संपर्क में लाए बिना ही कार्रवाई की है। पीड़िता निवासी केला बाग, बरेली ने बरेली पुलिस के स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी शादी अजहरउद्दीन निवासी ईस्ट शिमला एनक्लेव, देहरादून के साथ बरेली में नवंबर 2022 में हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ससुर मोईनुद्दीन, सास सबीहा नाज, देवर अमनउद्दीन और पति अजहरउद्दीन दहेज में 50 लाख रुपए देने के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़िता ने जब परेशान होकर इसकी जानकारी अपनी मौसेरी सास निलोफर को दी तो उन्होंने भी पीड़िता के साथ गाली गलौज की।इसी दौरान पीड़िता गर्भवती हो गई। पति अजहरउद्दीन ने पीड़िता पर गर्भपात कराने का दबाव बनाया। इस बीच कई बार लड़ाई-झगड़ा भी हुआ। इस पूरे मामले की जानकारी मायके वालों को लगी तो वह पीड़िता को अपने साथ बरेली ले गए, जहां अस्पताल में गर्भपात हो गया। इसके बाद पीड़िता ने बरेली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर ससुराल वालों के खिलाफ खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहा था।

# प्रादेशिकी

## अपमानित किए जाने पर नशे में की गई थी वृद्ध की हत्या


**फर्रुखाबाद,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना मऊदरवाजा पुलिस ने ग्राम अदिउली निवासी वृद्ध चंद्रपाल सिंह ठाकुर की हत्या का खुलासा कर तीनों हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में चंद्रपाल के बेटे विजय प्रताप सिंह ने गांव के महताब खां व उसके पिता चुन्ने पर संदेश जाहिर करते हुए हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महताब के कपड़ों पर खून के निशान देखकर पुलिस को महताब पर पूरा संदेह हो गया था। लेकिन महताब ने मुर्गा काटने के दौरान खून लगने की बात कहकर पुलिस को काफी गुमराह किया। थाना पुलिस की बात पर विश्वास किया जाए तो हथियापुर चौकी इंचार्ज दीपक कुमार ने महताब को आज वाईपास रोड स्थित नखासा से गिरफ्तार किया।

# तकनीक का उपयोग बढ़ाकर रोकें कर चोरी : योगी

■ मुख्यमंत्री ने की कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा ■ दो तिमाही में उत्तर प्रदेश में हुआ 92 हजार करोड़ से अधिक राजस्व संग्रह

**लखनऊ,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और मंत्री, आबकारी एवं मद्य निषेध (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल की उपस्थिति भी रही। मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीयन, परिवहन, भू-राजस्व और ऊर्जा में राजस्व संग्रह के लक्ष्य और उसके सापेक्ष प्राप्तियों का विवरण प्राप्त किया साथ ही विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नियोजित प्रयासों से प्रदेश के कर-करेत्तर राजस्व संग्रह में सतत वृद्धि हो रही है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही तक विविध माध्यमों से अब तक 92 हजार करोड़ से अधिक की राजस्व प्राप्ति हुई है। इसमें जीएसटी/वैट से 52 हजार करोड़, एक्साइज टैक्स के रूप में 20 हजार करोड़, स्टाम्प एवं पंजीयन से 13 हजार करोड़ और परिवहन से 47 सौ करोड़ से अधिक का संग्रह हुआ है। यह स्थिति संतोषजनक कही जा सकती है। हर विभाग ने विगत वर्ष की पहली दो तिमाहियों के सापेक्ष अच्छा राजस्व संग्रहित किया है। यह जनता से एकत्रित राशि है जो प्रदेश के विकास में, लोककल्याणकारी कार्यों में व्यय होगा। उन्होंने कहा



कि उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। नियोजित प्रयासों से यहां मैन्युफैक्चरिंग की गतिविधियां भी बढ़ी हैं। प्रदेश को इसका लाभ मिलना चाहिए। राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए हमें नए स्रोत भी बनाने चाहिए। चालू वित्तीय वर्ष के लिए 2.62 लाख करोड़ के राजस्व संग्रह लक्ष्य के अनुरूप ठोस कोशिश की जाए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खनन कार्य में संलग्न वाहनों में किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न हो। यह नियमविरुद्ध भी है और दुर्घटनाओं का कारक भी बनता है। इस दिशा में सख्ती की जानी चाहिए। बालू, मोरम, गिट्टी जैसे उपखनिजों का आम आदमी से सीधा जुड़ाव है।

इनकी कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी न हो। विभिन्न विकास परियोजनाएं भी इससे प्रभावित होती हैं। ऐसे में उपखनिजों का कृत्रिम अभाव पैदा करने वाले कालाबाजारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक नीतिगत कदम उठाए गए हैं। जनजागरूकता बढ़ाते हुए स्कूल बसों, परिवहन निगम की बसों, नगर बसों आदि परिवहन के साधनों को ईवी के लिए प्रोत्साहित किया जाए। चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाए जाए के लिए प्रयास तेज हों। परिवहन निगम में अनुबंधित बसों की संख्या और बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व की चोरी राष्ट्रीय क्षति है। जीएसटी की चोरी/अपवंचन की कोशिशों को रोकने के लिए सजगता बढ़ाए जाने की जरूरत है। छापेमारी की कार्यवाही से पहले पुख्ता जानकारी एकत्र करें। इंटेलिजेंस को और बेहतर करने की आवश्यकता है।

इंफोर्समेंट के कार्यवाही की गोपनीयता और शुचिता से खिलवाड़ करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को चिन्हित करें, उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। विशेष अनुशासनिक इकाइयों और सचल दल इकाइयों की सक्रियता और बढ़ाये जाने की जरूरत है।

## राजधानी बसों का किराया दस प्रतिशत कम करेगी सरकार

**लखनऊ।** योगी सरकार राजधानी बसों का किराया 10 प्रतिशत कम करने जा रही है। 100 नई एसी इलेक्ट्रिक बसों को खरीदा जाएगा। 250 बसों को जीसीसी मॉडल पर अनुबन्ध पर लिया जायेगा। प्रत्येक क्षेत्र के अधिक ऑफ रोड वाले एक-एक डिपो में बसों का रखरखाव आउटसोर्स एजेन्सी के माध्यम से किया जाएगा। यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अध्यक्ष व प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में बुधवार को निदेशक मण्डल की 246वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। वर्तमान में 168 राजधानी बसों का संचालन किया जा रहा है। परिवहन निगम के चेयरमैन ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में समूह क एवं ख श्रेणी के रिक्त पदों की भर्ती हेतु उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज से कराए जाने के लिए प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाएगा। इसके अलावा परिवहन निगम में कार्यरत संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की भांति पारिवारिक यात्रा पास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दुर्घटनारहित संचालन करने वाले संविदा चालक व परिचालक हेतु सुरक्षित चालन प्रोत्साहन योजना के तहत प्रतिमाह दुर्घटना शून्य भत्ता सम्मिलित होगा। दुर्घटना घटित होने के उपरान्त चालक व परिचालक को उत्तम-उत्कृष्ट प्रोत्साहन योजना से हटा दिया जाएगा।

## नवंबर के अंतिम सप्ताह तक खेलकूद प्रतियोगिताएं होंगी संपन्न

■ मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप तय समय में पूर्ण कराई जाएगी प्रतियोगिता
■ 15 दिसंबर तक प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**लखनऊ,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के सभी बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों की मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं नवंबर माह के अंत तक हर हाल में संपन्न कराई जाएंगी। कुछ जिलों में प्रतियोगिताओं में हो रहे विलम्ब को देखते हुए निदेशक (बेसिक एवं माध्यमिक) महेंद्र देव ने तय समय में प्रतियोगिताओं के अयोजन के निर्देश दिए हैं। ताकि 15 दिसंबर तक प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि बच्चों में खेलों के प्रति रुचि और जागरूकता लाने के लिए योगी सरकार ने सभी बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में जनपद, मंडलीय और प्रदेश स्तर पर अनिवार्य रूप से खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इन प्रतियोगिताओं की समय सीमा भी निर्धारित की गई है। पहले जनपद, फिर मंडलीय और अंत में प्रदेश स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करना होगा। शैक्षिक सत्र 2023-24 में विद्यालय स्तर से प्रदेश स्तर तक बालक/बालिकाओं के खेलकूद कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के आयोजन के सम्बन्ध में पहले ही सभी जिलों को निर्देश दिए जा चुके हैं। हालांकि कुछ जिलों में प्रतियोगिताओं में देरी पर निदेशक महेंद्र देव ने नाराजगी जताई है।

उन्होंने पत्र लिखकर सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नवंबर के अंतिम सप्ताह तक मंडल स्तर तक की सभी प्रतियोगिताएं संपन्न करा ली जाएं, ताकि 15 दिसंबर तक प्रदेश स्तर पर सभी प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया जा सके। साथ ही माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़े विद्यालयों के लिए भी निर्देशित किया गया है कि जनपद, मंडलीय और प्रदेश स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों का प्रतिभाग कायना सुनिश्चित किया जाए।

## सार संक्षेप

### विनायक विद्यापीठ के दो छात्रों का पीएनबी मेटलाइफ में चयन

**मेरठ।** विनायक विद्यापीठ में पीएनबी मेटलाइफ द्वारा एक ज्वाइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें पीएनबी मेटलाइफ के जोनल मैनेजर रजनीश कुमार शर्मा एवं जोनल हैड एचआर अभिषेक त्रिपाठी उपस्थित हुए। महाविद्यालय की प्राचार्या डा.अनुप्रिता शर्मा, निदेशक इंजि. विकास कुमार एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने उनका स्वागत बुके देकर किया। इस जॉईट कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का शुभारंभ कम्पनी के अधिकारियो द्वारा प्रीप्लेसमैंट वार्ता से शुरु हुआ और समूह चर्चा एवं व्यकितगत साक्षात्कार के आधार पर 2 विद्यार्थियों को चयनित किया। इस ज्वाइंट कैंपस प्लेसमैंट ड्राइव में आसपास के क्षेत्र के विधार्थियो ने भी प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.अनुप्रिता शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनको अनुशासन रहकर अपनी सोच को सकारात्मक रखते हुवे मेहनत कर भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वही निदेशक विकास कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व उन्हें अपने कार्य के प्रति सचेत करते हुए कहा कि कंपनी द्वारा आज के समय उसे ही पसन्द किया जाता है जो हर लिहाज से मल्टी-टास्कर होने के साथ-साथ तकनीकी एवं कम्युनिकेशन में भी माहिर हो। ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने भी विद्यार्थियो को चयनित होने पर अपनी बधाई दी।

### सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक संपन्न

**मेरठ।** किसान दिवस बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मेरठ की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियो एवं लगभग 80 कृषकों द्वारा प्रतिभाग कर विभिन्न विभागों से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्यायें रखी गई। बैठक का संचालन करते हुए जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह द्वारा गत बैठक में कृषकों द्वारा उपलब्ध कराई गई समस्याओं के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा भी निस्तारण के सम्बन्ध में प्राप्त आख्याओ की समीक्षा की गई। गजेन्द्र सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष भकियू द्वारा नहरों में समय से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने अनुराग चौधरी अध्यक्ष भकियू द्वारा किनौनी मिल का गन्ना भुगतान कराने का अनुरोध मुख्य विकास अधिकारी से किया गया।

### कॉलेज मैदान पर मंच बनाने को लेकर हुआ विवाद

**मवाना।** एएस इंटर कालेज मवाना में 25 अक्टूबर से तीन दिवसीय मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए बनाये जा रहे मंच को लेकर विवाद हो गया। मैदान में दौड़ के लिए आने वाले प्रतिभागियों ने विरोध किया। इस मामले की जानकारी होने पर ब्लाक मवाना के पति डा.योगेश प्रधान व हस्तिनापुर ब्लाक प्रमुख नितिन पोशवाल वहां पहुंचे और कालेज समिति के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के साथ कई घंटे हुई वार्ता के बाद मामले का पटाक्षेप हो गया। सहमति बनी कि मंच छोटा ही बनाया जायेगा और प्रतिभागी कॉलेज प्रधानाचार्य द्वारा जारी परिचय पत्र के साथ मैदान में आ सकेंगे। एएस इंटर कालेज मवाना में 25 से 27 अक्टूबर तक तीन दिवसीय मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित होनी है। कॉलेज के मैदान में एक स्थायी रूप से मंच का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मंच को अधिक बड़ा बनाने पर दौड़ने वाला ट्रैक बाधित होने लगा।

## डा.अमित तोमर को पीएचडी की उपाधि

**मेरठ,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुधवार को मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में 35वां दीक्षांत समारोह मनाया गया। जिसमें यूपी की राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने छात्र-छात्राओं उपाधी व प्रमाण पत्र वितरित किए। उपाधि पाकर सभी छात्र खुशी से झूम उठे। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय



के दीक्षांत समारोह के दौरान अमित को भी राज्यपाल द्वारा पीएचडी की उपाधि दी गई। जिला बागपत के ग्राम हिलवाड़ी निवासी अमित तोमर ने मोदीनगर के एमएम पीजी कॉलेज से डा. वेद प्रकाश के निर्देशन मे अपनी पीचडी की डिग्री तक का सफर तय किया था। वर्तमान में डा. अमित तोमर ब्लॉक रजपुरा में कार्यरत हैं। गौरतलब रहे कि डा. अमित ने भट्टा मजदूर की आर्थीक स्थिति सुधारने के लिए एक रिसर्च भी किया था। जिसके बाद भारत सरकार सुझाव को भेजे थे कि भट्टा मजदूरों की आर्थिक स्थिति और समाजिक स्थिति को कैसे सुधारा जा सकता है। डा.अमित को उपाधि मिलने के बाद से बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम में पद्मश्री व आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सचिव वैद्य राजेश कोटेजा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर राज्यमंत्री ऊर्जा डा.सोमेन्द्र तोमर, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण भी मौजूद रहे।

# वन विभाग ने खैर लकड़ी के माफिया दबोचे

**मवाना/हस्तिनापुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन आरक्षित क्षेत्र मैं लगातार हो रहे प्रतिबंधित खेर के कटान पर अंकुश लगाते हुए वन विभाग की टीम ने मंगलवार देर रात वन क्षेत्र से वन माफिया गिरोह के दो सदस्यों को दबोच लिया। वन विभाग की टीम ने माफिया के कब्जे से 25 कुंतल खैर की लकड़ी बरामद की गई हैं।

बुधवार को हस्तिनापुर रेंज पर माफियाओं के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया वही वन विभाग की टीम फरार खैर माफियाओं के पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। वन आरक्षित क्षेत्र में खैर कटान पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग की टीम ने जांबाजी दिखाते हुए इन वन तस्करों को बुलंदशहर क्षेत्र में दबोचा। इसमें अन्य रेंजकर्मियों की मदद भी ली गई। वन विभाग द्वारा दबोचे गए दोनों वन तस्कर अमरोहा क्षेत्र के रहने वाले हैं। वन रेंजर हस्तिनापुर रवि राणा ने बताया कि मंगलवार रात उन्हें सूचना मिली कि वन तस्कर हस्तिनापुर रेंज के द्रोपदी व अर्जुन वन ब्लॉक से खैर के पेड़ चोरी से काटकर टाटा गाड़ी में भरकर ले



■ वन विभाग की टीम ने बुलंदशहर से 24 घंटे में दर्द पहुंचे खैर माफिया
■ माफिया ने पांच दिन पहले अनूपशहर क्षेत्र में किया था खैर का अवैध कटान

जा रहे हैं। जैसे ही वह टीम लेकर जंगल में पहुंचे तो उन्हें देखकर तस्कर लकड़ी भरी गाड़ी से फरार होने लगे। उन्होंने गाड़ी का पीछा करना शुरू किया।

**माफिया को पकड़ने के लिए दूसरी रेंज का लिया सहयोग**

खैर माफिया की दूसरी रेंज में पहुंचे तो रेंजर रवि राणा ने मामले की जानकारी डीएफओ मेरठ राजेश कुमार को दी। डीएफओ के निर्देश पर अमरोहा व अन्य रेंजकर्मियों की मदद से टीम ने उन्हें बुलंदशहर के अनूपशहर वन इलाके में घेर लिया। वन विभाग की संयुक्त टीमों ने खैर की लकड़ी से भरी गाड़ी में सवार दो तस्करों को दबोच लिया, जबकि उनके कुछ साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गए। पकड़े गए तस्करों ने अपने नाम धर्मी व राजकुमार निवासी अमरोहा बताए।

### माफियाओं के कब्जे से बरामद की बेशकीमती खैर

वन क्षेत्र अधिकारी रवि राणा ने बताया की माफिया के कब्जे से टीम ने टाटा गाड़ी में करीब 25 कुंतल खैर की लकड़ी बरामद हुई है, जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपए बताई जा रही है। दो दिन पहले भी इन्हीं तस्करों ने अनूपशहर वन क्षेत्र में खैर के पेड़ काटकर चोरी की थी, लेकिन वह आसानी से फरार हो गए थे।

## धूमधाम से निकली श्री राम बारात शोभा यात्रा

**फर्रुखाबाद,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री आदर्श रामलीला मंडल मानस मंच के नेतृत्व में भगवान श्री राम की विवाह शोभा यात्रा बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई। शोभा यात्रा को देखने के लिए सड़क के दोनों और भीड उमडपड़ी



शोभा यात्रा में भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं भरत शत्रुघ्न की भक्तों ने जगह-जगह आरती उतार कर उसे वर्ष। की। श्री राम विवाह शोभा यात्रा भारतीय पाठशाला लोहाई रोड से चौक नेहरू रोड घूमन। नित गंज। बाजार होते हुए स्टेट बैंक रोड से रेलवे रोड चौक से किराना बाजार होते हुए पक्का पुल नाला होते हुए भारतीय पाठशाला पर विराम हुई। श्री राम बारात शोभा यात्रा में सर्वप्रथम विघ्न हरण मंगल करण भगवान श्री गणेश शोभा यात्रा के आगे चल रहे थे इसके बाद भगवान इंद्रदेव, सूर्य भगवान, तिरुपति बालाजी, हनुमान आदि शमिल रहे।

## बिजली चोरी रोकने के लिए 98 करोड़ रुपए की योजना : ललित कृष्ण

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। साल में एक बार आने वाला दुर्गापूजा, दशहरा और दीपावली पर फाल्ट रोकने और बिजली व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए अधीक्षण अभियंता खुद सड़कों पर निकल पड़े हैं। जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों की काम चोरी बंद हो गई है। लाइनमैन से लेकर अधिशासी अभियंता तक पटरी पर लौट आए हैं। पहले बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का फोन तक रिसीव नहीं होता था। लेकिन अब अवर अभियंताओं का भी फोन उठने लगा है। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता ललित कृष्ण ने बताया कि साल में एक बार आने वाला दुर्गापूजा दशहरा और दीपावली सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है। तीनों त्यौहारों में बिजली की आपूर्ति चुस्त दुरुस्त करने के लिए जर्जर केबिल, जर्जर



पोल,टूटे बाक्स बदल दिए गए हैं। जिससे बिजली फाल्ट की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने बताया कि अमेठी कस्बे में चारों तरफ बिजली के तारों का जाल फैला था। लेकिन अब खुले तार बदल दिए गए हैं। इससे बिजली चोरी की गुंजाइश खत्म हो गई है। बाकी आम जनता को खुले तारो का खतरा भी बंद हो गया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को जगदीशपुर खंड और अमेठी खंड के क्षेत्रों में जाकर मेले के पदाधिकारियों से वार्ता के बाद सुझावों पर तुरंत कार्रवाई की गई।

## पार्किंग को लेकर लेकर हुआ विवाद, की फायरिंग

**मेरठ,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। गाड़ी हटाने को लेकर हुई कहासुनी में दबंगों ने दो लोगों को गोली मारकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।गांव में तनाव को देखते हुए फोर्स तैनात कर दिया गया है। मामला थाना भावनपुर के राली चौहान का है। राली चौहान निवासी कृष्ण और अशोक अपनी वैगनआर कार से गांव के चौक के पास खड़े थे। इसी दौरान गांव के रहने वाले चार युवक स्विफ्ट कार लेकर पहुंचे और सड़क से वैगनआर हटाने को कहा। इसी को लेकर दोनों गाड़ी चालकों में कहासुनी हो गई।

## उप्र में सार्वजनिक भवनों को बनाया जाए दिव्यांगजन हितैषी : दुर्गा शंकर

**लखनऊ,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में सार्वजनिक भवनों को दिव्यांगजन हितैषी बनाए जाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि राजधानी लखनऊ के समस्त सरकारी भवन, प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त कार्यालय व कलेक्ट्रेक्ट भवन, जो अभी तक दिव्यांगजन हितैषी नहीं हुए हैं, उन्हें चिन्हित कर एक निश्चित समयावधि में प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगजन हितैषी व सुगम्य बनाया जाए। इसके अलावा ऐसे सरकारी भवन, जिनका स्वामित्व सम्बन्धित विभाग के पास है, उन्हें भी बजट में आवश्यक प्रावधान कराकर दिव्यांगजन हितैषी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आवास एवं शहरी नियोजन तथा लोक निर्माण की भांति अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा भी दिव्यांगजन हितैषी प्राविधानों को



ध्यान में रखते हुए निर्माण कराया जाए। भविष्य में होने वाले सभी नए निर्माण कार्यों में भवनों के दिव्यांगजन हितैषी व बाधारहित होने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 में सार्वजनिक भवनों को दिव्यांगजनों के लिए बाधा रहित बनाए जाने के प्राविधान निहित है। किसी संरचना के निर्माण निहित प्राविधानों का अनुपालन न होने पर निर्माण की मंजूरी नहीं दी जाए।

**आयोजन** — *चौ.चरण सिंह विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह सम्पन्न*

# भेदभाव को खत्म कर बेटियों के सशक्तीकरण में सहयोग दें : आनंदीबेन

**मेरठ, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुधवार को चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में चौ.चरण सिंह विश्वविद्यालय का 35वां दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय कुलपति आनंदीबेन पटेल ने की। समारोह में कुल 190 छात्र-छात्राओ को गोल्ड मेडल/उपाधि विभिन्न संकायो में दिये गये। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख कलश जल भरण कर किया गया। राज्यपाल ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चो को फल, पुस्तक किट एवं आंगन बाडी कार्यकत्रियों को बच्चो के लिए आंगनबाड़ी किट का वितरण किया।**

कुलपति द्वारा कुलाधिपति, मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री व आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सचिव वैद्य राजेश कोटेजा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर राज्यमंत्री ऊर्जा डा. सोमेन्द्र तोमर, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कांत त्रिपाठी, समस्त कार्यकारी परिषद सदस्य, अन्य अधिकारीगण, गणमान्य लोग, शिक्षकगण, दीक्षार्थी, छात्र-छात्राएं, अभिभावक, आंगनबाडी कार्यकत्री



■ 190 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र दिए
■ प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को फल, पुस्तकें वितरित कीं
■ आंगनबाड़ी कार्यकत्री को आंगनबाड़ी किट बांटी

उपस्थित रही। राज्यपाल ने कहा कि बेटियां अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। बुधवार को कुल मेडल प्राप्त छात्र-छात्राओं में 70 प्रतिशत से अधिक मेडल बेटियों ने प्राप्त किए हैं जो बेटा और बेटी में भेदभाव करते है यह उनके लिए साफ संदेश है। उन्होने अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि बेटा-बेटी के इस सामाजिक भेदभाव को त्यागे और बेटी की प्रगति में अपना सहयोग प्रदान करे। इस विवि का नाम पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह के नाम पर रखा गया है। भारत के इतिहास में मेरठ का स्थान सिर्फ एक शहर का नहीं है बल्कि मेरठ हमारी संस्कृति, हमारे सामर्थ्य का महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है। मेरठ क्षेत्र ने रामायण, महाभारत काल से लेकर जैन तीर्थंकरों, पंच प्यारो में से एक भाई धर्म सिंह ने अपने देश की आस्था को ऊर्जावान किया है। मेरठ हॉकी के खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की कर्मस्थली भी रहा है। उन्हीं के नाम पर सरकार द्वारा खेल विवि का निर्माण कराया जा रहा है। विवि ने साउथ एशिया में क्यूएस रैंकिंग में 219वां स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं विश्वविद्यालय प्रशासन बधाई का पात्र है। विवि की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने बताया कि विवि 222 एकड़ भू-क्षेत्र में विकसित है। विवि में नवाचारी कार्यक्रमों के अन्तर्गत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कार्यरत है। विवि प्रदेश का पहला ऐसा संस्थान है जो कि सौर ऊर्जा से विद्युत का उत्पादन करता है। कुलपति ने बताया कि वर्ष 2023 का कुलाधिपति स्वर्ण पदक चिकित्सा संकाय की प्रियंका मिश्रा व डा. शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदक वाणिज्य संकाय की आरजू को दिया गया। किसान ट्रस्ट नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित पुरस्कारों में चौ.चरण सिंह स्मृति प्रतिभा पुरस्कार में बीएससी कृषि में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हिमांशु सैनी तथा बीएससी कृषि में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दीपक कुमार को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

